RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 233 • 03:09:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

# शंभू बॉर्डर पर आंदोलनकारी किसानों से बात करने सुप्रीम कोर्ट ने की समिति गठित

## कहा- आंदोलन का राजनीतिकरण करने से बचें, समिति के सामने रखें बात

एजेंसी। नई दिल्ली

शंभू बॉर्डर पर 6 लेन हाईवे में दोनों ओर एक-एक लेन इमरजेंसी और जन सुविधा के लिए खोली जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यों की सहमति के बाद ये आदेश जारी किया है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने राज्य सरकारों की तरफ से सुझाए नामों पर संतुष्टि जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने आंदोलनकारी किसानों के मुद्दों पर विचार करने के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की है। कोर्ट ने कहा कि समिति के सदस्य प्रतिष्ठित व्यक्ति और क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों ने उच्चाधिकार प्राप्त समिति के गठन पर सहमति जताई है। कोर्ट ने कहा कि समिति के विचार के लिए मुद्दों की पहचान करना और उन्हें तैयार करना ज्यादा उपयुक्त होगा। इसके अध्यक्ष ने मुद्दों को तैयार करने के लिए एक हफ्ते में बैठक बुलाई है। समिति के सदस्य सचिव को अंतरिम स्थिति रिपोर्ट भी रिकॉर्ड में रखने को कहा



गया है। सुप्रीम कोर्ट ने एमएसपी और अन्य मुद्दों हल करने का मसौदा तैयार करने के लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में पांच सदस्यीय पैनल गठित की है। कोर्ट ने पैनल से शंभू बॉर्डर पर लगाई पक्की बैरिकेडिंग हटाने के लिए किसानों से बातचीत करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने किसानों से कहा कि वे अपने आंदोलन का राजनीतिकरण करने से बचें। कोर्ट द्वारा गठित पैनल के साथ अपनी बैठकों में पूरी तरह से मांगें न रखें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार की इस कोशिश की हम सराहना करते हैं। पंजाब सरकार ने कहा कि उद्योग, स्कूली बच्चे, दिल्ली एयरपोर्ट आने-जाने वाले सभी परेशान हैं। कोर्ट ने कहा कि हरियाणा सरकार हाइवे की एक लेन को एंबुलेंस, स्कूल बसें, एमरजेंसी सर्विसेज और आने-जाने वाले लोगों के लिए खोल सकती है, इससे जनजीवन आसान होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम मामले को लंबित रखते हैं, किसानों को भी नहीं लगना चाहिए कि उनको अलग थलग और किनारे कर दिया गया है। हाईवे कोई पार्किंग की जगह नहीं है। हम अखबारों में पढ़ कर आदेश पारित नहीं करना चाहते। शंभू बॉर्डर पर एंबुलेंस, सीनियर सिटीजन, छात्र, स्कूल बस, स्थानीय लोगों, आपात स्थिति के वाहन आदि के लिए एक लेन दोनों साइड से खुली रहेगी। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया है। जस्टिस बीआर गवाई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सिर्फ आरोपित होने के आधार पर किसी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि इसे लेकर वो राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करेगा। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने उदयपुर में चाकू मारने के आरोपित बच्चे के पिता के घर पर बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि एक पिता का बेटा अड़ियल हो सकता है लेकिन उसके लिए उसका घर गिरा दिया जाए, यह तरीका सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी के दोषी साबित होने के बाद भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई के संबंध में दिशा-निर्देश बनाए जाने की जरूरत है। कोर्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करने के लिए सभी पक्षों से सुझाव मांगा। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा केवल नगर निगम के कानून के अनुसार ही किया जा सकता है। यहां याचिकाकर्ता अदालत के सामने गलत ढंग से मामले को रख रहे हैं। बुलडोजर की कार्रवाई नियमों का पालन करते हुए की गई है। मेहता ने कोर्ट के समक्ष रखे गए मामलों का हवाला देते हुए कहा कि नोटिस बहुत पहले जारी किए गए थे और लोग पेश नहीं हुए। तब जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि अगर किसी की कोई कमी भी हो तो उसका फायदा नहीं उठाना चाहिए।

# कृषि एवं किसानों के लिए 13,966 करोड़ रुपये की 7 योजनाओं को मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को किसानों के जीवन और आजीविका में सुधार के लिए 13,966 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ सात प्रमुख योजनाओं को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज सात योजनाओं को मंजूरी दे दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आज इन फैसलों की जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि कृषि क्षेत्र में सुधार और किसानों का जीवन बेहतर करने के लिए सरकार ने आज सात बड़े फैसले लिए हैं। इसके तहत 2817 करोड़ रुपये की लागत से डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, 3979 करोड़ से खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए फसल विज्ञान, 2291 करोड़ से प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को सुदृढ़ बनाना, 1702 करोड़ से सतत पशुधन स्वास्थ्य एवं उत्पादन, 860 रुपये के कुल परिव्यय के साथ बागवानी का सतत विकास, 1,202 करोड़ रुपये से कृषि विज्ञान केंद्र का सुदृढ़ीकरण और 1,115 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन जैसे सात कार्यक्रम शामिल हैं।



**गुजरात के साणंद में स्थापित की जाएगी सेमीकंडक्टर यूनिट।** केन्द्र सरकार ने गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित किए जाने को मंजूरी प्रदान की है। 3,300 करोड़ की लागत से यह यूनिट भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत कायन्स सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि इस यूनिट की 60 लाख चिप्स प्रतिदिन बनाने की क्षमता होगी। यहां बनी चिप्स का उपयोग ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहनों, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम और मोबाइल क्षेत्र में होगा।

### इंदौर से मुबंई को जोड़ेगी नई रेल लाइन

**नई दिल्ली**। कैबिनेट ने दो प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों-मुंबई और इंदौर के बीच सबसे छोटी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 309 किलोमीटर लंबी नई लाइन परियोजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय के तहत 18,036 करोड़ (लगभग) रुपये की कुल लागत के साथ नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इंदौर और मनमाड के बीच प्रस्तावित नई लाइन सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और गतिशीलता में सुधार करेगी, जिससे भारतीय रेलवे को बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता मिलेगी। यह परियोजना 2 राज्यों यानी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करती है, जिससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क बढ़ेगा। परियोजना से 102 लाख मानव दिवस का रोजगार पैदा होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वेब सीरीज आईसी 814 पर पैदा हुए विवाद मामले में नेटफ्लिक्स के कंटेंट हेड तलब




**नई दिल्ली**। नेटफ्लिक्स पर आई नई वेब सीरीज आईसी-814 पर पैदा हुए विवाद के बाद अब सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उसके कंटेंट हेड को तलब किया है। नेटफ्लिक्स पर आई नई वेब सीरीज वर्ष 1999 में एयर इंडिया के विमान आईसी 814 के हाईजैक होने के घटनाक्रम पर आधारित है। सीरीज को अनुभव सिन्हा ने निर्देशित किया है। इसमें विमान में अपहरणकर्ता एक दूसरे को भोला और शंकर नाम से बुलाते हैं जिस पर सोशल मीडिया में विवाद पैदा हुआ हो गया है। सूत्रों के मुताबिक इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स के कंटेंट हेड को तलब किया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर का भी इस मुद्दे पर बयान आया है। उनका कहना है कि वे उस घटनाक्रम के दौरान लगातार नजर बनाए हुए थे। यह साफ है कि अपहरण में शामिल लोग पाकिस्तान समर्थित आतंकी थे। ऐसे में अपहरणकर्ताओं के हिन्दू नाम कहां से आए। वे खुश हैं कि इस मामले में आईएडंबी मंत्रालय ने संज्ञान लिया है।

### 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान धन शोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले में जांच के तहत सोमवार



को आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान और विधायक से जुड़े कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली में ओखला इलाके में स्थित अमानतुल्लाह खान के आवास पर तलाशी लेने के बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में लिया गया। विधायक के खिलाफ धन शोधन का मामला दो प्राथमिकी से जुड़ा है। वक्फ बोर्ड में अनियमितताओं के आरोप में खान के खिलाफ एक प्राथमिकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज कराई थी जबकि दूसरी प्राथमिकी आय से अधिक संपत्ति मामले में दिल्ली के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दर्ज थी। सूत्रों ने कहा कि खान (50) ने ईडी के करीब 10 समन को नजर अंदाज किया। आखिरी बार वे अप्रैल में ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए थे। विधायक और उनकी पार्टी ने सबसे पहले सुबह छह बजकर 29 मिनट पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खबर का खुलासा किया कि ईडी की टीम उन्हें गिरफ्तार करने उनके घर पहुंची है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भी वीडियो पोस्ट किया।

## सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति ने किया नए झंडे और प्रतीक चिन्ह का अनावरण

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित जिला न्यायपालिका राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के नए झंडे और प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया। सुप्रीम कोर्ट के इस नए झंडे में अशोक चक्र, सुप्रीम कोर्ट की बिल्डिंग और भारत के संविधान की कॉपी को प्रदर्शित किया गया है। नया झंडा कई डिजाइनों में उपलब्ध होगा, जिसमें क्रॉस टेबल फ्लैट, सिंगल टेबल फ्लैग, पोल फ्लैग, लकड़ी के फ्रेम में उपलब्ध होगा जो विविध सेटिंग्स में इसकी उपस्थिति सुनिश्चित करेगा। सुप्रीम कोर्ट के नए झंडे और प्रतीक चिन्ह का एनआईएफटी दिल्ली ने डिजाइन किया है। इस झंडे पर संस्कृत में यतो धर्मस्ततो जय श्लोक लिखा है, जिसका अर्थ जहां धर्म है वहां विजय है। इस मौके



पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने राष्ट्रपति का आभार जताया और उन्हें विशेष हरित उपहार भेंट किया। इस मौके पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के यादगार यात्रा को श्रद्धांजलि के रूप में दिल्ली के सेंट्रल रिज रिजर्व वन एरिए में 12 स्वदेशी किस्मों के 75 पौधे लगाए हैं। ये सभी पौधे सुप्रीम कोर्ट के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति को समर्पित किए गए जो सादगी और विनम्रता के ज्वलंत उदाहरण राष्ट्रपति के सम्मान का प्रतीक है।

# पीएम ने भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान-2024 का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा मुख्यालय में पार्टी के 'सदस्यता अभियान' का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से अपनी भाजपा सदस्यता का नवीनीकरण किया और 2024 में पार्टी के पहले सदस्य बने। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भाजपा सदस्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज सदस्यता



अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जब तक जिस संगठन के माध्यम या जिस राजनीतिक दल के माध्यम से देश की जनता सत्ता सुपुर्द करती है, वो ईकाई, वो संगठन और वो दल अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है, उसमें आंतरिक लोकतंत्र निरंतर पनपता नहीं है तो वैसी स्थिति बनती है जो आज देश कई दलों को हम देख रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा के संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024 के शुभारंभ के अवसर पर कार्यकर्ताओं को से कहा, "आपका उत्साह और भारत के लोगों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति प्यार और भाजपा में उनका विश्वास देखकर, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस बार सदस्यता अभियान भी 10 करोड़ को पार कर जाएगा।" उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र लोकतांत्रिक तरीके से चलने वाली पार्टी है, वह कामकाज में अपने संविधान का पालन करती है। उन्होंने कहा कि पहली बार निर्णय हुआ था कि हम डिजिटली सदस्यता अभियान चलाएंगे। उस समय यह सदस्यता अभियान पूरे 6 महीने चला था और पहली बार 10 करोड़ का लक्ष्य हमने पार किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस सच्चाई को आज कोई नकार नहीं सकता कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और भारत के नेताओं पर से जनता का विश्वास कम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की राजनीति में इससे पहले नेताओं की कथनी और करनी में जो विश्वास का संकट पैदा हुआ था, उस विश्वसनीयता के संकट को किसी ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है, तो वो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा न केवल विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, बल्कि सबसे अधिक लोकतांत्रिक पार्टी भी है।

## डीटीसी कर्मचारी से मिले राहुल गांधी, हम नागरिक पक्के तब नौकरी कच्ची क्यों!

**नई दिल्ली**। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कर्मचारियों के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाया। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि रोजाना लाखों यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार लोगों को बदले में अन्याय के अलावा कुछ नहीं मिला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कुछ दिनों पहले दिल्ली में सुखद बस यात्रा के अनुभव के साथ डीटीसी कर्मचारियों से संवाद कर उनके दिनचर्या और समस्याओं की जानकारी ली। राहुल गांधी ने लिखा कि जहां ड्राइवर और कंडक्टर अनिश्चितताओं के अंधेरों में जीने पर विवश हैं, वहीं यात्रियों की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड्स 6 महीनों से वेतनहीन हैं। इतना ही नहीं देश भर के सरकारी कर्मचारियों की तरह डीटीसी कर्मचारी भी लगातार निजीकरण के डर के साए में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मांगें स्पष्ट हैं, समान काम, समान वेतन, पूरा न्याय! वे भारी मन और दुखी दिल से सरकार से पूछ रहे हैं, हम नागरिक पक्के तब नौकरी कच्ची क्यों! वीडियो में, राहुल गांधी एक ड्राइवर के साथ सवारी करते दिख रहे हैं।

## मुसलमानों पर हो रहे हमलों को लेकर चिंतित राहुल ने कहा-सख्त कार्रवाई करे सरकार

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मॉब लिंचिंग की घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि खासकर मुसलमानों पर होने वाले हमलों को लेकर भाजपा सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं।हरियाणा और महाराष्ट्र में भीड़ द्वारा की गई हिंसा की दो घटनाओं के मद्देनजर उन्होंने यह टिप्पणी की। हरियाणा के चरखी दादरी में, 27 अगस्त को कथित तौर पर गोरक्षकों ने पश्चिम बंगाल से आए एक मुस्लिम प्रवासी की पीटकर हत्या कर दी थी। उस पर यह संदेह जताते हुए हमला किया गया कि उसने 'बीफ खाया था। हमले में एक व्यक्ति घायल भी हुआ था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 'एक्स



पर एक पोस्ट में कहा, ''भीड़ की शक्ल में छिपे नफरती तत्व कानून के राज को चुनौती देते हुए खुलेआम हिंसा फैला रहे हैं। भाजपा सरकार से इन उपद्रवियों को खुली छूट मिली हुई है, इसलिए उनमें ऐसा कर पाने का साहस पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों पर लगातार हमले जारी हैं और सरकारी तंत्र ''मूकदर्शक बना देख रहा है। महाराष्ट्र में, ट्रेन में एक बुजुर्ग व्यक्ति के पास बीफ होने के संदेह में उसके साथ बदसलूकी और पिटाई की गई। वह कल्याण जा रहा था।

# जम्मू के सुंजवां में संतरी पोस्ट पर आतंकी हमला, गोलीबारी में एक जवान शहीद

एजेंसी। जम्मू

जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकियों के हमले हो रहे हैं। सोमवार को जम्मू के सुंजवां के संतरी पोस्ट के पास सैन्य स्टेशन पर आतंकियों ने हमला किया है। इस गोलीबारी में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आतंकियों की तलाशी के लिए सेना ने घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चला रही है। जम्मू के सुंजवां सैन्य स्टेशन पर आतंकियों द्वारा बेस के बाहर से की गई गोलीबारी में एक सैन्य जवान शहीद हो गया। शहीद जवान की पहचान नायक कुलदीप के रूप में हुई है। आतंकियों की तालश के लिए ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। रक्षा अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जम्मू के सुंजवान मिलिट्री स्टेशन में




आतंकवादियों ने बेस के बाहर से गोलीबारी की, जिसमें सेना का एक जवान घायल हो गया। हमलावरों का पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। आतंकियों का हमला सुंजवान मिलिट्री स्टेशन के सेंट्री पोस्ट एरिया के पास के इलाके में हुआ। यहां 36 इंफेंट्री ब्रिगेड तैनात है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिलिट्री स्टेशन के बाहर संदिग्ध गतिविधियां देखने को मिली थीं, जिसके बाद जवानों ने गोलियां चलाईं। इसकी वजह से हलचल बढ़ गई और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के बाद किसी संदिग्ध के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन सेना और स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने गहन तलाशी के लिए इलाके को घेर लिया गया है। ये पहला मौका नहीं है, जब सुंजवान मिलिट्री स्टेशन पर हमला हुआ है। इससे पहले फरवरी 2018 में, आतंकवादियों ने सुंजवान मिलिट्री कैंप पर हमला किया था, जिसमें छह जवान शहीद हो गए थे, एक नागरिक और तीन आतंकवादी भी मारे गए थे। पिछले हफ्ते, सुरक्षा बलों ने 31 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा जिले के गुरेज सेक्टर में एलओसी के नजदीक घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था।

# 140 सेकेंड की क्लिप से हिल गया पाकिस्तान

एजेंसी। लौहार

पाकिस्तान की राजनीति दहशतगर्दी की बैसाखी के सहारे टिकी हुई है। पाकिस्तान दुनिया को इकलौता ऐसा देश है जहां आतंकवाद की दो कैटेगरी है। अच्छा आतंकवाद और बुरा आतंकवाद। अच्छा आंतकवाद वहां जिसे पाकिस्तान सेना का समर्थन हासिल है और बुरा आंतकवाद वहां जो पाकिस्तानी सेना के खिलाफ काम करता है। इसमें सबसे बड़ा नाम तहरीक-ए-तालिबान यानी टीटीपी का है। पाकिस्तान में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सेना भी उनके आगे घुटने टेकने के लिए मजबूर है। हाल ही में अलगाववादियों ने बलूचिस्तान में कई बसों को रोककर आईडी कार्ड दिखाकर दर्जनों पंजाबी मजदूर की हत्या की थी। इस वारदात के बाद पाकिस्तान के सीमांत प्रांत खैबर पख्तूनवा में सेना के एक लेफ्टिनेंट कर्नल और उसके दो भाईयों को टीटीपी के आतंकियों ने किडनैप किया था। पाक सेना के अफसर की रिहाई के बदले आतंकियों ने अपने छह साथियों की रिहाई के साथ ही 10 करोड़ पाकिस्तानी रुपए भी वसूल किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना



के लेफ्टिनेंट कर्नल और तीन नागरिकों को छुड़ाने की एवज में पाकिस्तान सरकार को छह टीटीपी आतंकी और 10 करोड़ पाकिस्तानी रुपए भी फिरौती देनी पड़ी हैं। गौरतलब है कि 28 अगस्त को डेरा इस्माइल खां से टीटीपी ने लेफ्टिनेंट कर्नल खालिदा मीर और उनके 3 रिश्तेदारों को अगवा किया था। टीटीपी ने उनका वीडियो जारी किया था जिसमें वे पाकिस्तानी सेना से अपनी खैरियत बताकर टीटीपी की मांग को पूरा करने का अनुरोध कर रहे थे। पाकिस्तानी सेना ने इसकी जानकारी दी। जिन टीटीपी आतंकियों ने इन चार लोगों को अगवा किया था वे टीटीपी के गंडापुर गुट के थे। लेकिन हैरानी वाली बात ये है कि मुनीर की सेना के जिस फौजी को टीटीपी ने रिहा किया है। वहां लेफ्टिनेंट कर्नल तहरीक-ए-तालिबान की तारीफों के पुल बांध रहा है। 140 सेकेंड की क्लिप देखकर रावलपिंडी में बैठे जनरल मुनीर के होश उड़े हुए है। टीटीपी की तारीफों के कसीदे पढ़ रहा ये लेफ्टिनेंट कर्नल 72 घंटे पहले तक मुनीर का करीबी हुआ करता था। लेकिन तहरीक-ए-तालिबान की कैद में इसका ह्रदय परिवर्तन हो गया। मुनीर का लेफ्टिनेंट कर्नल जिस टीटीपी की तारीफें कर रहा है। वही आतंकी संगठन है जो पाक सेना के जवानों को चुनचुनकर मारता है। खुलकर शहबाज शरीफ का विरोध करता है।

## बांग्लादेश में हिंसा के पीछे पाकिस्तान तो नहीं? यूनुस सरकार के साथ कर रहा बैठकें

**ढाका**। पाकिस्तान अब बांग्लादेश में अपनी सक्रियता बढ़ाता नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ढाका में पाकिस्तानी दूतावास और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के बीच बैठकों का दौर चल रहा है। बांग्लादेश में हुई हिंसा में पाकिस्तान की भूमिका होना संदिग्ध माना जा रहा है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना भारत में रह रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने बांग्लादेश में सक्रियता बढ़ानी शुरू कर दी है। कुछ हफ्तों से पाकिस्तान दूतावास अंतरिम सरकार के सदस्यों के साथ बैठकें कर रहा है। खबरें हैं कि इस दौरान बाढ़ राहत से लेकर छात्र एक्सचेंज प्रोग्राम तक को लेकर उच्चायोग के अधिकारियों और नई सरकार के सदस्यों के बीच बातचीत हुईं है। पाकिस्तान उच्चायोग ने इससे जुड़ी जानकारी भी सोशल मीडिया पर साझा की है।

## मेटा एआई से बात करना और भी हो जाएगा आसान

**नई दिल्ली**। वॉट्सऐप एक ऐसे फीचर पर काम कर रहा है जिससे मेटा एआई से बात करना और भी आसान हो जाएगा। वाबेटाइंफो ने एक्स पर पोस्ट करके बताया है कि वॉट्सऐप वॉयस चैट मोड फीचर पर काम कर रहा है, जिससे मेटा एआई से बातचीत की जा सकेगी। इस फीचर को अभी वॉट्सऐप बीटा एंड्रॉयड 2.24.18.18 के लिए जारी किया गया है। बताया गया है कि ये फीचर अभी डेवलपमेंट स्टेज पर है और बीटा टेस्टर्स के पास अभी नहीं आया है। ये फीचर जारी होने के बाद कैसा दिखेगा और ये कैसे काम करेगा, इसे समझाने के लिए डब्ल्यूबी ने स्क्रीनशॉट शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि मेटा एआई वाले पेज पर एक वॉयस कमांड देने के लिए भी फीचर रोलआउट हो गया है। बता दें कि वॉट्सऐप वॉयस कमांड से मेटा एआई के साथ रियल-टाइम बातचीत का तरीका तलाश कर रहा है, जिसे ऐप के आने वाले अपडेट में जारी किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अफीम के मामले में फरार तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** पिछले पांच वर्षों से अधिक समय से अफीम तस्करी के मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्त को बांकेबाजार पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तीनों बांकेबाजार थाने के बड़की देल्हो गांव के राजदेव भोक्ता, व्रत भोक्ता और कपिल सिंह भोक्ता शामिल है। इस संबंध में बांकेबाजार के थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि अभियुक्त राजदेव भोक्ता, व्रत भोक्ता और कपिल सिंह भोक्ता को गिरफ्तार किया गया। तीनों से थाने में पूछताछ कर कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है।

### सात लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, भेजा जेल

**गया, एजेंसी।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर सात लीटर देसी शराब के साथ शंकर चौधरी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में खिजरसराय थाना अध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शंकर चौधरी अपने घर में देसी शराब की बिक्री कर रहा है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। जिसमें सात लीटर देसी शराब के साथ शंकर चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### नशा के खिलाफ विभिन्न जगहों पर चला विशेष अभियान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** शहर में रविवार को नशा के खिलाफ विभन्नि जगहों पर पुलिस ने विशेष सर्च अभियान चलाया। इस दौरान कई युवकों को हिरासत में लिया गया। शहर के रामबाग, योगियामठ, सिकंदरपुर, सादपुरा, मझौलिया, ब्रह्मपुरा रेलवे क्वार्टर समेत अन्य जगहों पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान नशेड़ियों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस को देखते ही नशेड़ी इधर-उधर भागने लगे। हिरासत में लिए गए युवकों से पुलिस देर शाम तक पूछताछ करती रही। नाम पते का सत्यापन करने के बाद उन्हें छोड़ा गया। बताया गया कि नगर थाने की पुलिस ने योगियामठ मे पहुंचकर उचक्कों को खदेड़ा। काजी मोहम्मदपुर पुलिस ने सादपुरा, मझौलिया, माड़ीपुर, मिठनपुरा पुलिस रामबाग, गोशाला रोड समेत कई मोहल्ले में नशेड़ियों को खदेड़ती रही। ब्रह्मपुरा पुलिस रेलवे क्वार्टर में नशेड़ियों के जमावड़े की सूचना पर अभियान चलाया।

### जमालाबाद में कायस्थ चौपाल का आयोजन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की ओर से जिलाध्यक्ष डॉ. रवि शंकर चैनपुरी की अध्यक्षता में जमालाबाद मुशहरी में रविवार को कायस्थ चौपाल लगा। डॉ.चैनपुरी ने कहा कि पंचायत स्तर पर कायस्थ चौपाल लगा चित्रांशों को जागरूक किया जा रहा है। बताया कि फरवरी 2025 में पटना में विराट कायस्थ समागम होगा। इसमें स्टॉल लगाकर उद्योग लगाने और कायस्थ क्लब मैट्रिमोनी की ओर से कायस्थ परिवार के युवक-युवती की शादी संबंधी जानकारी देते हुए परिवार परिचय कराया जाएगा। संचालन पंकज श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार ने किया। चौपाल में भोला शंकर, बसंत कुमार, विभू रंजन, कामेश्वर प्रसाद वर्मा, रविन कुमार, त्रिभुवन प्रसाद वर्मा, मणि भूषण वर्मा, सुभाष रंजन वर्मा, कुमोद प्रसाद वर्मा थे।

### बुद्ध चेतना परिषद का वार्षिकोत्सव संपन्न

**छपरा, एजेंसी।** बुद्ध चेतना परिषद सारण के तत्वावधान में गुदरी स्थित मौर्य हॉस्टल में मैट्रिक परीक्षा-2024 में उत्कृष्ट अंक लाने वाले कुल 31 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । साथ ही वर्ष 2023-24 में सरकार के विभिन्न पदों पर नियुक्त कुशवाहा समाज के कुल 26 व्यक्तियों को परिषद द्वारा विशिष्ट सम्मान के तहत मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । विचार संगोष्ठी ÷सामाजिक उत्थान में नारी शिक्षा का महत्व÷ विषय पर डॉ चंद्रशेखर कुशवाहा, भैरव भक्त, रामेश्वर प्रसाद, ब्रजेश कुमार सिंह, अवध किशोर सिंह, राकेश कुमार सिंह, ओम प्रकाश प्रसाद, सुमन कुमार सिंह, चंद्रावती कुमारी, ज्योति रानी, डॉ. पुष्पा व मनोज कुमार ने प्रकाश डाला। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ उज्जवल कुमार वर्मा व विशिष्ट अतिथि डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह थे । कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष डॉ अशोक कुशवाहा , सचिव अवधेश कुमार सिंह व छात्रावास अधीक्षक इंद्रदेव सिंह उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता डॉ मनोज कुमार वर्मा संकल्प व मंच संचालन राजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया ।

# लालू को टेंशन देंगे प्रशांत किशोर? महिला के बाद मुस्लिम पर दांव

## विस चुनाव में 40 टिकट का ऐलान



**पटना, एजेंसी।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की नजर अब लालू यादव की पार्टी राजद के पारंपरिक वोट बैंक मुस्लिम वोटों पर है। रविवार को घोषणा पीके ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी 2025 के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम समाज से कम-से-कम 40 प्रत्याशी बनाएगी। कहा, संगठन में भी पूरी हिस्सेदारी दी जाएगी। संगठन का नेतृत्व करने वाले 25 लोगों में भी चार से पांच मुस्लिम समुदाय के लोग होंगे। यह भी कहा कि जदयू, राजद और कांग्रेस तीनों मुसलमानों का वोट लेती है पर आज बिहार में मात्र 19 मुस्लिम विधायक हैं। लगता है कि प्रशांत किशोर आरजेडी के वोट बैंक में सेंध लगाना चाहते हैं। अग वे मुसलमानों को रिझाने में कामयाब रहे तो लालू की पार्टी को बड़ा नुकसान होने वाला है। इससे पहले उन्होंने महिलाओं को चालीस सीटों पर उतारने का ऐलान किया था।

पटना के बापू सभागर में रविवार को जन सुराज की ओर से 'राजनीति में मुसलमानों की भागीदारी' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को प्रशांत संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के राजनीतिक और सामाजिक हालात को देख कर यह कहा जा सकता है कि समय आ गया है फिर से गांधी, आंबेडकर, लोहिया और जेपी की विचारधारा को पुनर्जीवित करना होगा। उन्होंने कहा कि आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि मात्र 37 प्रतिशत वोटों से ही भाजपा तीन बार दिल्ली में सरकार बनाने में कामयाब हुई है। जबकि, देश में 80 प्रतिशत हिन्दू आबादी है। इसका मतलब हुआ कि 40 प्रतिशत हिन्दुओं ने भाजपा के खिलाफ वोट दिया है। प्रशांत किशोर ने लोगों से कहा कि मैं आपसे वोट नहीं मांग रहा हूं, केवल इतना कह रहा हूं कि अगली बार वोट अपने बच्चों के नाम पर दीजिए।

हालांकि पीके का कहना है कि उनकी लड़ाई एनडीए के दलों से है। राजद से उनकी कोई टक्कर नहीं है। यहां तक कह दिया कि राजद को कौन पूछता है। तेजस्वी यादव को चैलेंज देते हुए उन्होंने कहा कि धरना दें या जो करें इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से साफ हो गया है कि राजद कहीं नहीं है। तीस सालों से मुसलमानों के रहनुमा बने हुए हैं और उनकी हकमारी कर रहे हैं। हिम्मत है तो आबादी के अनुसार टिकट देकर दिखाएं।

प्रशांत किशोर ने ऐलान कर दिया है कि उनकी पार्टी राज्य के सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर पीके पार्टी का ऐलान करेंगे। उसके पहले पिछले साल 2 अक्टूबर को ही उन्होंने महात्मा गांधी की कर्म भूमि भितिहरवा से जन सुराज पदयात्रा की शुरुआत की थी। बिहार के अधिकांश जिलों में पदयात्रा कर चुके हैं।



### मां ने रुपए न दिए तो बेट ने की आत्महत्या, युवक को थी नशे की लत

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले के हिलसा शहर में एक और युवक की संदिग्ध मौत हुई है। रविवार को पटेल नगर के एक मकान में 19 वर्षीय अरमान कुमार उर्फ सुधांशु का शव पंखे से लटका हुआ मिला। मृतक मोमिंदपुर गांव के निवासी संतोष कुमार का पुत्र था और अपनी मां के साथ हिलसा में रह रहा था। देर शाम परिजन शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। परिजन ने बताया कि अरमान नशे की लत का शिकार था और अक्सर पैसों की मांग करता था। घटना के दिन उसने अपनी मां से 4,000 रुपए मांगे थे, ताकि वह अपना मोबाइल फोन छुड़ा ले। जिसे उसने पहले ही किसी मित्र के पास गिरवी रखा था। मां ने पैसे नहीं दिए, अरमान कमरे में गया और रस्सी के सहारे फंदे से लटक खुदकुशी कर ली। मां जब छत से नीचे आई तो घटना का खुलासा हुआ।

**बेटे को नशे से दूर रखने के लिए हर कोशिश की :** हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। कुछ महीनों में हिलसा शहर के विद्यापुरी, स्टेशन रोड और बिहारी रोड जैसे क्षेत्रों में भी इसी तरह की घटना सामने आई है। अरमान के पिता, जो एक निजी अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने बेटे को नशे से दूर रखने की हर संभव कोशिश की, लेकिन हम असफल रहे।



### जमीन सर्वे के लिए आवेदन करना हुआ आसान अब वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं फॉर्म

**बक्सर, एजेंसी।** बिहार में जमीन का सर्वे चल रहा है। सर्वे के लिए कई लोग आवेदन कर रहे हैं। इस बीच सरकार ने आवेदन के लिए कुछ नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके बाद अब आवेदन की प्रक्रिया और भी सरल हो जाएगी। दरअसल बिहार सरकार के भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय ने बिहार विशेष सर्वेक्षण के तहत आवश्यक दस्तावेज़ों और प्रमाण-पत्रों की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत, सर्वेक्षण प्रक्रिया से संबंधित प्रपत्र-2 और प्रपत्र-3 (1) को अब निदेशालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदनकर्ता को अपना नाम, पता, खेसरा नंबर, मोबाइल नंबर, आधार संख्या एवं हस्ताक्षर सहित दस्तावेज कार्यालय में जमा करना होगा। इन प्रपत्रों को प्रिंट कर संबंधित शिविर कार्यालय में जमा करना है। यदि आवेदनकर्ता मृतक से संबंधित जानकारी दे रहे हैं, तो उन्हें मृत्यु प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त जो लोग असमर्थ हैं, उनके लिए किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रतिनिधित्व की भी अनुमति दी गई है। जिसके लिए संबंधित व्यक्ति को अपनी आधार व मतदाता कार्ड की प्रतिलिपि भी जमा करनी होगी। निदेशालय की यह पहल बिहार में चल रहे विशेष सर्वेक्षण की प्रक्रिया को सुगम बनाने और दस्तावेज़ों का सत्यापन तेज़ी से पूरा करने के उद्देश्य से की गई है। इस नई व्यवस्था से लोगों को अब अपने जरूरी दस्तावेज तैयार करने और उन्हें समय पर जमा करने में आसानी होगी।

### पटना-हावड़ा वंदे भारत की बोगियों में बिजली आपूर्ति बाधित, डेढ़ घंटे तक यात्री परेशान

**पटना, एजेंसी।** पटना-हावड़ा रेलखंड पर मोकामा से पहले पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का पेंटो (विद्युत आपूर्ति बहाल करने वाला उपकरण) रविवार को क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन लेमुआबाद हॉल्ट के पास रुक गई। लोको पायलट ने दूसरे पेंटो के सहारे ट्रेन को धीमी रफ्तार में मोकामा तक लाया। मोकामा में टीआरडी अभियंताओं तथा कर्मियों ने क्षतिग्रस्त पेंटो को ठीक कर ट्रेन को हावड़ा के लिए रवाना किया। ट्रेन लगभग 80 मिनट की देरी से मोकामा आई थी। मोकामा स्टेशन पर 20 मिनट तक ट्रेन रुकी रही। यात्री परेशान रहे। जानकारी के अनुसार पटना से हावड़ा जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस लेमुआबाद हॉल्ट क्रॉस कर रही थी और अचानक ट्रेन को रोकना पड़ गया। दरअसल ट्रेन के इंजन में खराबी आ गई थी। पेंटो के सहारे ही कर्षण तार से इंजन तक पावर आता है और ट्रेन चलती है। पेंटो के क्षतिग्रस्त होने के कारण ट्रेन वहीं रुक गई। लोको पायलट और मोटरमैन ने किसी तरह ट्रेन को 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से मोकामा तक ट्रेन को लाया। मोकामा में कर्षण अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अभियंताओं और कर्मियों ने ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। रेल अधिकारियों की मानें तो लेमुआबाद हॉल्ट के पास ओवरहेड कर्षण तार पर कोई वस्तु अटकी हुई थी। पेंटो को नुकसान पहुंचा था। वंदे भारत एक्सप्रेस का मोकामा में आगमन 9:00 बजे है। ट्रेन सुबह 10:20 में मोकामा पहुंची थी और 20 मिनट मोकामा में रुकने के बाद ट्रेन 10:40 में अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई। मोकामा में वंदे भारत के रुके रहने से नई दिल्ली हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस, पटना-धनबाद एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ।प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि लेमुआबाद हॉल्ट के पास ओवरहेड तार पर कोई वस्तु अटकी हुई थी और उसके कारण ओवरहेड कर्षण तार और पेंटो का कनेक्शन ठीक से नहीं बैठ सका। तार पर अटकी हुई वस्तु पेंटो में फंस गई थी



### कहा- सरकार ने इन्हें इनके हाल पर छोड़ दिया, हम साथ खड़े हैं

### पूर्णिया में सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ पीड़ितों के बीच बांटे 2 लाख रुपए



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव रविवार को रूपौली के बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं जानी और उनके बीच 2 लाख रुपए बांटे। रुपए कम पड़ गए तो सहयोगियों से रुपए लेकर लोगों में बांटा। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित इलाके में फूड पैकेट भी बंटवाए। पप्पू यादव ने रूपौली के भौआ प्रवल पंचायत के बाढ़ प्रभावित इलाके जंगलटोला, टोपरा, बिंद टोली, बलिया और सधोपुर गांव का दौरा किया। बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। पप्पू यादव ने कहा कि सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को उनके हाल पर छोड़ दिया है, लेकिन हम अपने लोकसभा क्षेत्र के लोगों के साथ खड़े हैं और बेटे का कर्तव्य निभा रहे हैं। सांसद ने बाढ़ पीड़ितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मुश्किल वक्त में उन्हें अकेला नहीं छोड़ेंगे।

#### आज 500 से अधिक घर में बांटे जाएंगे राशन

इससे पहले भी उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाके में फूड पैकेट बंटवाए। सोमवार को 500 से अधिक घरों में राशन और बाकी जरूरी समान बांटे जाएंगे, ताकि बाढ़ पीड़ितों को कुछ राहत मिल सके। इस दौरान निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने आमजन और स्वंयसेवी संस्थाओं से भी अपील की कि वे विपदा के समय में एकजुट होकर पीड़ित परिवारों की सहायता करें।

#### बाढ़ के शुरुआती दिनों से हो रही पहल

दरअसल बाढ़ के शुरुआती दिनों से ही निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की पहल पर उनके प्रतिनिधि क्षेत्र में सक्रिय हैं। लगातार बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहे हैं। उनकी टीम बाढ़ पीड़ितों के बीच भोजन, खाद्य सामग्री, दवाइयां और अन्य जरूरी चीजों का वितरण कर रही है।

### जब्त गाड़ी छुड़ाने को बालू तस्करों का पुलिस पर हमला:जवान घायल

#### बांका से अवैध बालू ला रहे थे, जब्त करने पर हमला

**बांका /झाझा, एजेंसी।** बालू लदे ट्रैक्टर को जबरन छुड़वाने के लिए बालू तस्कर द्वारा की गई पत्थरबाजी में एक जवान घायल हो गया। घटना के बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संदर्भ में पुअनि नंदन कुमार के बयान पर बालू माफिया और अज्ञात कुछ महिला, पुरूष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में पुअनि ने बताया कि थानाध्यक्ष संजय सिंह को लगातार सूचना मिल रही थी कि बांका जिला से अवैध बालू का उठाव कर झाझा लाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर पुअनि नंदन कुमार दलबल के साथ टीम बनाकर रामडीह गांव के आगे पहुंचे तो एक ब्लू रंग की ट्रैक्टर बिना नंबर का अवैध बालू लेकर आता दिखा। दोनों वाहनों को रोकने की कोशिश तो ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भागने लगा और बाइक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसके बाद कुछ दूरी पर ट्रैक्टर को एक जगह से बरामद करने के बाद जब दोनों वाहनों को लेकर थाना आ रहे थे तभी तस्करों ने हमला कर दिया। हमले में एक जवान घायल हो गया। सभी आरोपितों की तलाश जारी है।

**बालू पर वर्चस्व को जिप सदस्य के पति ने युवक को मारी गोली :** खैरा थाना के कोल्हुआ गांव निवासी कुंदन राम को गांव के ही दबंग प्रवृति के कुछ लोगों ने घर में ही घुसकर गोली मार दी। बालू कारोबार में वर्चस्व को लेकर गोली मारी गई है। आरोप जिला परिषद सदस्य अनीता देवी के पति ललन राम और देवर दिलीप राम, दिवाकर राम पर है। घटना में कुंदन राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मामले के आरोपी फिलहाल गांव छोड़कर फरार चल रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मजबूत पछुआ से मानसून पड़ा कमजोर

## सितंबर में भी कम बारिश, गर्मी सताएगी

**पटना, एजेंसी।** सितंबर में भी बिहार के अधिकतर जिलों में सामान्य से कम बारिश होगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहेगा। मौसम विभाग ने रविवार को जारी अपने पूर्वानुमान में यह आशंका प्रकट की है। हालांकि, राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के जिलों बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल में सामान्य बारिश होने के आसार हैं। बताया जा रहा है कि मजबूत पछुआ के कारण राज्य में मानसून कमजोर पड़ गया है।

राज्य में अब तक मानसून के दौरान सामान्य से 25 कम बारिश हुई है। इसमें जून में 52, जुलाई में 29 और अगस्त में 4 सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई। सितंबर में भी बारिश कम होने से प्रदेश में लगातार तीसरे वर्ष मानसून की बारिश सामान्य से कम होने के आसार हैं। बिहार में सामान्य तौर पर मानसून सीजन 12 जून से 8 अक्टूबर तक रहता है। इस माह बारिश कम होने और तापमान बढ़ने के कारण लोगों को गर्मी सताने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश कम होने से आद्रता की मात्रा बढ़ जाएगी। इस कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का एहसास होगा। तापमान जितना रिकॉर्ड होगा, लोगों को कहीं उससे ज्यादा का अनुभव होगा। इसका प्रभाव कृषि और स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। देखें क्र12

#### मजबूत पछुआ के कारण मानसून कमजोर

मौसम विभाग के अनुसार पिछले दो-तीन वर्षों से पछुआ काफी मजबूत हो गया है। इसी कारण राज्य में मानसून की अच्छी बारिश नहीं हो रही है। इसके अलावा पिछले कई वर्षों से सिस्टम आधारित बारिश हो रही है। लेकिन सिस्टम बिहार में ना बनकर दूसरे जगहों पर बन रहा है। इसी कारण अन्य और पड़ोसी राज्यों में बारिश हो रही है। लेकिन बिहार में बारिश नहीं हो रही।

#### देश पूरे अगस्त मानसून सक्रिय रहा

नई दिल्ली। मानसून का मिजाज तेजी से बदल रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि अगस्त महीने में एक दिन के लिए भी आसमान से बादल नहीं छंटे। यानि पहली बार पूरे अगस्त मानसून सक्रिय रहा, वर्ना दो से 20 दिनों तक के मानसून ब्रेक होते हैं, जिस दौरान न बारिश होती है और न ही आसमान में बादल नजर आते हैं। 1976 से लगातार मानसून ब्रेक के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं।

#### बिहार 4 जिलों में ही सामान्य से अधिक वर्षा

अब तक राज्य के चार जिलों में ही सामान्य से अधिक और शेष जिलों में सामान्य से कम कम बारिश हुई। इनमें अरवल व शेखपुरा में सात, औरंगाबाद में पांच और गया में सामान्य से दो प्रतिशत अधिक बारिश हुई। बेगूसराय, कैमूर, भागलपुर, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, सहरसा, समस्तीपुर, छपरा, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली में सामान्य से 35 या उससे भी कम बारिश दर्ज की गई।



संक्षिप्त समाचार

## यातायात पुलिस व परिवहन विभाग ने अपनी गलती मानी

**यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के द्वारा बीआर 22 बीए 2887 के बजाय बीआर 22 एबी 2887 के वाहन मालिक को भेजा गया गलत चालान**

**चाणक्य भूमि, बगहा।** जिले में यातायात थाना खुलने के बाद से ही वाहन चालकों में हडकंप मचा हुआ है। और वाहन मालिकों के द्वारा लगातार अपने-अपने वाहनों के कागजात अपडेट करवा लगे हुऐ हैं। जिसमें वाहनों के इंश्योरेंस व प्रदूषण शामिल है। वहीं यातायात पुलिस के द्वारा पुलिस जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की एक लापरवाही सामने आई है। गलती किसी और ने की तथा चालान किसी और को विभाग के द्वारा भेजा गया है। पीड़ित अशोक शुक्ला ने चालान मिलने के बाद परिवहन विभाग को आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। परिवहन विभाग के द्वारा प्राप्त चालान के अनुसार बाइक रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 22 बीए 2887 को बेतिया पुलिस जिला अंतर्गत जगदीशपुर में यातायात पुलिस के द्वारा रोक कर जांच किया गया। जिस दौरान वाहन चालक के ड्राइविंग लाइसेंस मांगा गया। नहीं जिस कारण वाहन मालिक को 1000 रुपये का चालान जमा करने का नोटिस ऑनलाइन भेजा गया। मगर यातायात पुलिस की छोटी से भूल के कारण उक्त चालान बीआर 22 बीए 2887 के बजाय बीआर 22 एबी 2887 के वाहन स्वामी अशोक शुक्ला के मोबाइल नंबर पर भेज दिया गया। जब मोबाइल पर चालान का नोटिस पहुंचने से हैरान परेशान अशोक शुक्ला ने तुरंत उक्त चालान का ऑनलाइन जांच करवाया तो सारी कहानी समझ में आई। उसके बाद अशोक शुक्ला के द्वारा परिवहन विभाग को ऑनलाइन शिकायत की गई है। जिसमें पीड़ित ने बताया कि मेरी बाइक उस समय रामनगर स्थित पैतृक घर पर था और चालान का नोटिस बेतिया से भेजा गया है। डिटेल निकलवाने पर पता चला की विभाग द्वारा एबी व बीए के बीच चुक होने के कारण मुझे पर चालान आया है। मैने विभाग को आनलाइन शिकायत किया है। देखते हैं परिवहन विभाग के द्वारा भूल सुधार की जाती है कि यह कहानी बार-बार दोहराई जाती है कि निर्दोषों से चालान वसूलने की प्रक्रिया जारी रखी जाती है।

## एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चाणक्य भूमी, बैरिया।** बैरिया थाना के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मझरिया से दसई माझी को समकालीन अभियान के तहत गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि न्यायालय के द्वारा उक्त व्यक्ति पर वारंट निर्गत था। जिसे पुलिस कार्रवाई करते हुए सोमवार के दिन जेल भेज दिया।

## मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने जनप्रतिनिधियों के बैठक को किया संबोधित

**मुखिया संघ कि अध्यक्ष मंजुला मिश्रा ने 4 सूत्री मांगो का एक ज्ञापन मंत्री सतीश चंद्र दूबे को सौपा**

**चाणक्य भूमि, गौनाहा।** मुखिया संघ की अध्यक्ष सह माधोपुर पंचायत की मुखिया मंजुला मिश्रा के आवास पर रविवार को देर शाम जनप्रतिनिधियों कि एक बैठक आयोजित कि गयी। बैठक कि अध्यक्षता मुखिया संघ कि अध्यक्ष मंजुला मिश्रा ने की। इस मौके पर केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। मुखिया संघ कि अध्यक्ष मंजुला मिश्रा ने 4 सूत्री मांगो का एक ज्ञापन मंत्री सतीश चंद्र दूबे, सांसद सुनील कुमार महतो व विधायक भागीरथी देवी को सौंपा। जिसमे उन्होंने माधोपुर गांव मे मनरेगा योजना से पक्की नाली निर्माण, बालू के लीज के लिए सरकार से पहल करना, लंबित प्रधानमंत्री आवास का जल्द भुगतान कराने तथा जरूरतमंद गरीब लोगों का नाम इंदिरा आवास मे जोड़वाने कि मांग की ।मौके पर मुखिया छोटन साह, जयप्रकाश महतो, अमिरुद्दीन अहमद, अवधबिहारी यादव, मनोज यादव, सरपंच पति शशि सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो, नंदकिशोर चौरसिया, रमजान शेख, मोबिन खान, अली अफजल, अखिलेश शर्मा व बलीराम शर्मा शामिल थे।

## शुक्रवार को एक घर पर अंधाधुंध गोलीबारी के दोनों अभियुक्त गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि बेतिया।** बेतिया के कालीबाग थाना क्षेत्र के छावनी में बीते शुक्रवार को एक घर पर अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, तुल्ला मियां के घर पर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन और सीआईडी विभाग की टीम ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी थी, आज उक्त मामले में बेतिया व्यवहार न्यायालय के ठीक सामने से दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, सदर डीएसपी विवेक दीप ने बताया कि छावनी में हुई फायरिंग की घटना में दोनों मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, उन्होंने तुला मियां के घर पर फायरिंग की थी, व्यवहार न्यायालय के पास से दोनों मुख्य अपराधियों को तकनीकी जाँच में टावर लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है, पूछताछ के क्रम में उन्होंने अपना अपराध स्वीकार है।

## सरिसवा में कंश वध मेला का आयोजन, उमड़ी भीड़



**चाणक्य भूमि मझौलिया।** सोमबार को सरिसवा पंचायत के बनकट मुसहरी वार्ड 02 में कंश वध मेला का आयोजन किया गया।इसमें दर्शको की भारी भीड़ उमड़ी।विशालकाय कंश का बध हाथी से कुचलकर कराया गया।मतवाले हाथी द्वारा कंश पर हमला बड़ी रोमांचकारी रहा।मौके पर खूब आतिशबाजी हुई।शांति व्यवस्था बनाये रखने में मझौलिया पुलिस के अतिरिक्त कन्हैया पांडेय,मुन्ना साह राजेश चौरशिया, हरीशंकर कुशवाहा, रमबालक महत्तो राजेश्वर महतो सुधीर सिंह आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।इस अवसर पर मेला का नजारा रहा।

## पटना-टू-दिल्ली चलेगी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन,160KM/H होगी रफ्तार

**पटना।** इंडियन रेलवे वंदे भारत चेयर कार के बाद वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने वाली है। स्लीपर ट्रेन की पहली जोड़ी रविवार को बनकर तैयारी हो गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार (1 सितंबर) को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले मॉडल की झलक दिखाई। अगले 10 दिन में यह परीक्षण के लिए रवाना होगी। 3 महीने में यह ट्रेन आम लोगों के लिए चलने लगेगी। बिहार में पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन पटना से दिल्ली के बीच चलेगी। ट्रेन 160 की प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।

# इनकम टैक्स चौराहे पर रूका RJD का राजभवन मार्च

## राज्यपाल को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपने की थी तैयारी

**एजेंसी, पटना।**

राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ की ओर से आज यानी 2 सितंबर को राजभवन मार्च निकाला जा रहा है, लेकिन मार्च को पुलिस ने इनकम टैक्स चौराहे पर ही रोक दिया है। वहीं RJD नेताओं ने की तैयार थी कि राज्यपाल को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा जाए। वहीं इनकम टैक्स चौराहे पर भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। RJD किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण चंदन ने कहा कि बिहार की लगभग 76 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। केन्द्र और राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण बिहार में खेती-किसानी से जुड़े लोग बदहाल है और दिन प्रतिदिन आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। डॉ. गोपाल कृष्ण चंदन ने उदाहरण देते हुए



कहा कि FCI और राज्य सरकार द्वारा खाद्यानों की अधिप्राप्ति जिसमें विशेष रूप से धान के खरीद में व्यापक कमी की गई है।

पिछले वित्तीय वर्ष धान की लक्ष्य से 35 लाख टन कम अधिप्राप्ति की गई। बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में आज भी धान का न्युनतम समर्थन मूल्य का दर 2 हजार 130 रुपये है और उस दर से भी धान की खरीदारी नहीं हो पा रही है। जबकि हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों के ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती**

ने घोषणा किया कि छतीसगढ़, मध्यप्रदेश और तेलंगाना में धान खरीद का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल होगा और प्रत्येक एकड़ पर 21 क्विंटल धान की खरीदारी होगी।

इन राज्यों में 3 हजार 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की अधिप्राप्ति हो रही है। बिहार में सुनियोजित साजिश के तहत कृषि मंडी कानून को खत्म किया गया, जिसकी वजह से किसानों को उनके उत्पादों का सही मूल्य नहीं मिल रहा। किसान प्रकोष्ठ के प्रवक्ता रितु रंजन पाठक ने 14 सूत्री मांगों के बारें में जानकारी दी।

# आरक्षण काउंटर से AC का तार काट ले गए चोर

**एजेंसी, पटना।**

पटना जंक्शन के मुख्य आरक्षण काउंटर से चोर AC का तार काटकर ले गए हैं, जिसके चलते पिछले डेढ़ महीने से AC बंद पड़ा है। ऐसे में अब ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की पटना शखा ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के मीडिया प्रभारी एके शर्मा ने बताया कि कार्यालय में पिछले डेढ़ महीने से AC काम करना बंद कर दिया है। असमाजिक तत्वों ने तार चोरी कर लिया है। इसकी शिकायत कई बार वरीय अधिकारियों से भी की गई है, लेकिन सुनने के लिए कोई तैयार नहीं हैं। यहां काउंटर पर काम करने वाले कर्मचारियों की हालत खराब हो रही है। खिड़की नहीं होने की वजह से अंदर उमस से सभी परेशान हैं। यहां के इंचार्ज मोहम्मद नईम अहमद भी नहीं सुनते हैं।

**हड़ताल का अल्टीमेटमः** एके शर्मा ने कहा कि अगर 3 से 4 दिनों में AC ठीक नहीं कराया जाता तो काउंटर पर काम करने वाले कर्मचारी हड़ताल करेंगे। इसकी पूरी जवाबदेही रेल प्रशासन की होगी। मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक मोहमद नईम अहमद ने कहा कि 15 दिनों से AC बंद है। ठीक कराने में लगे हैं।



♦ **पटना जंक्शन पर डेढ़ महीने से बंद पड़ा है AC, ECR कर्मचारी यूनियन ने दिया हड़ताल का अल्टीमेटम**

बहरहाल 8 टिकट काउंटर सक्रिय हैं। सुबह से लेकर देर रात तक टिकट कटता रहता है।

**RPF बोली- तार जब्त किया गया है, आरोपी भी गिरफ्तारः** पटना जंक्शन स्टेशन से AC का तार काट लेना RPF और जीआरपी की सुरक्षा गश्ती पर सवाल खड़ा करता है। आखिर चारों तरफ से घिरे 24 घंटे चहलकदमी वाली जगह से तार कैसे चोरी कर ली गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने बताया कि 20 दिन पहले का मामला है। चोरी का तार बरामद कर लिया गया है। चोर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पटना में सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत

**एजेंसी, पटना।**

पटना में सड़क हादसे में दो महिलाओं विद्या देवी (65) और कविता सिंह (45) की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए PMCH रेफर किया गया है। घटना मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मैग्नी बीघा गांव की है, जहां अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जहानाबाद से आ रही ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में सवार 5 लोग घायल हो गए। आनन-फानन में इलाज के लिए सभी को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई।

**कादिरगंज रोड के मैग्नी बीघा गांव के पास हुआ हादसाः** घटना की सूचना पाकर मसौढ़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज



♦ **तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो में मारी टक्कर, तीन लोग गंभीर रूप से घायल**

दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि घटना मसौढ़ी कादिरगंज रोड के मैग्नी बीघा गांव के नजदीक हुई है। मृतक दोनों जहानाबाद जिला के अफजल गांव की निवासी हैं।

# बिहार में आरक्षण पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई संभव, राजद ने दायर की थी याचिका

**एजेंसी, पटना।**

राष्ट्रीय जनता दल ने पहले ही कहा था कि बिहार में आरक्षण के बढ़ाए गए दायरे (65 फीसदी) की लड़ाई वह कोर्ट में भी लड़ेगी। हाईकोर्ट पहले ही इस आरक्षण पर रोक लगा चुकी है, लेकिन अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। यह सुनवाई आज यानी सोमवार को हो सकती है। बता दें कि पटना हाईकोर्ट ने वंचित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के कानून को रद्द कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अंतिम सुनवाई सितंबर में की जाएगी।

**रविवार को धरने पर बैठे थे तेजस्वीः** रविवार को राजद कार्यालय



के बाहर धरना देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा था कि तमिलनाडु की तर्ज पर बिहार में भी आरक्षण लागू हो। बढ़े हुए आरक्षण के दायरे को 9 वीं अनुसूची में शामिल किया जाए। यही बात राजद ने सुप्रीम कोर्ट में भी कहा है। तेजस्वी ने इस मुद्दे पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और बिहार की नीतीश कुमार सरकार को भी घेरा था और पूछा था कि आपलोग क्या चाहते हैं साफ-साफ कहें। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। आरजेडी ने पूरे बिहार में आरक्षण के इस दायरे को 9 वीं अनुसूची में शामिल करने और

♦ **65 फीसदी आरक्षण के बढ़े दायरे की है लड़ाई**

देश भर में जातीय जनगणना कराने की मांग के साथ धरना दिया था।

**बढ़ाया गया था आरक्षण का दायराः** पटना हाईकोर्ट ने इससे जुड़ी सुनवाई में 2023 में बिहार विधानसभा द्वारा पारित संशोधनों को खारिज करते हुए कहा था कि वो संविधान की शक्तियों से परे है। इससे संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता खंड का उल्लंघन होता है। बिहार में विधानसभा ने 2023 में आरक्षण संशोधन विधेयक पारित किया था। बिहार में आरक्षण का यह दायरा जाति सर्वे से जुड़े आंकड़े सामने आने के बाद बढ़ाया था।

# MY समीकरण को PK का चैलेंज, सेंधमारी की तैयारी शुरू, RJD के मुसलमान उम्मीदवार के सामने उतारेंगे हिंदू कैंडिडेट

## मुस्लिम वोटर्स के लिए जानिए प्रशांत किशोर की प्लानिंग

**एजेंसी, पटना।**

रविवार को प्रशांत किशोर ने पटना के बापू सभागार में मुसलमानों की मजलिस बुलाई थी। 7 हजार की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों को एकजुट कर पीके ने अपनी ताकत दिखाई। पीके ने ये दावा किया है कि मुस्लिम वोटर उनके साथ हैं। उन्होंने यह ऐलान किया है कि वह विधानसभा चुनाव में 40 मुसलमान उम्मीदवार उतारेंगे। पीके के इस ऐलान से सबसे ज्यादा नुकसान राजद को पहुंचने वाला है। बिहार में सबसे अधिक मुसलमान वोटर राजद के साथ हैं। ऐसे में राजद के MY समीकरण में पीके ने बड़ी सेंधमारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि पीके ने मंच से कहा है कि राजद के वोट बैंक में सेंधमारी की



कोई जरूरत नहीं है। हमें राजद के वोट बैंक और उनके गणित से कोई लेना-देना नहीं है। पीके ने चैलेंज करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में आरजेडी जहां भी मुसलमान उम्मीदवार मैदान में उतरेगी। वहां से हमारी पार्टी मुसलमान को टिकट नहीं देगी। बल्कि उसकी जगह हिंदू चेहरे को उतारेगी। ऐसे में जन सुराज के सुत्रधार प्रशांत किशोर मुसलमान वोटर्स को अपने पक्ष में करने के लिए खास प्लानिंग की है।

**एक करोड़ कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की शुरुआतः** प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर 2022 को पश्चिमी चंपारण से अपने पदयात्रा की शुरुआत की थी। जन सुराज के मुताबिक प्रशांत किशोर अब तक 665 दिनों की पदयात्रा कर चुके हैं। इस दौरान वो बिहार के 2 हजार 697 गांवों में लोगों से मिले हैं। कल कार्यक्रम के दौरान पीके ने 2 अक्टूबर 2024 को जन सुराज की नई पार्टी बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एक करोड़ कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की शुरुआत की जाएगी।

# बख्तियारपुर में पानी भरे गड्ढे में डूबे 4 बच्चे

**एजेंसी, पटना।**

पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में चार बच्चे पानी भरे गड्ढे में डूब गए। स्नान करने के दौरान हादसा हुआ है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान जारी है। घंटों मशक्कत के बाद एक बच्चे का शव मिला है। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार(13) के तौर पर हुई है। जबकि लापता बच्चों में राजहंस(12), पवन कुमार(12) और सूरज कुमार(12) शामिल है। घटना टेका बीघा गांव की है।

**लापता बच्चों की तलाश जारीः** एसडीपीओ अभिषेक सिंह ने बताया कि 9 बच्चे स्नान करने के लिए गड्ढे में उतरे थे। अचानक 4 बच्चे लापता हो गए, अन्य तैरकर बाहर निकल गए। लापता बच्चों



**घंटों मशक्कत के बाद 1 का शव मिला, तलाशी अभियान जारी पटना से SDRF टीम को बुलाया गया**

की तलाश की जा रही है। पटना से SDRF टीम को बुलाया गया है। फिलहाल गोताखोर सर्च अभियान में लगे हुए हैं। पीड़ित परिजनों को सरकार की ओर से हर संभव मदद दिया जाएगा।

# पटना में जांच करने पहुंची पुलिस को गेट पर रोका

**एजेंसी, पटना।**

पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के एक इंस्टिट्यूट के छात्र प्रेम राज (18) की मौत का मामला अब धीरे-धीरे गहराने लगा है। प्रेम की मौत 28 अगस्त को अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी।

्रपरिजनों का कहना है कि उसकी हत्या की गई है। वहीं इंस्टिट्यूट प्रबंधन का कहना है कि प्रेम की मौत सीढी से गिरने के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में हुई है। मामले की जांच करने पुलिस जब इंस्टिट्यूट पहुंची तो प्रबंधन ने पुलिस को भी गेट के बाहर घंटों खड़ा रखा। इससे नाराज पुलिस ने इंस्टिट्यूट के गार्ड और एक अन्य को हिरासत में लिया है। इस मामले में गौरीचक थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी चिंकी कुमारी ने बताया कि इंस्टिट्यूट के द्वारा छात्र की



मौत सीढ़ी पर गिरकर घायल होने के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में हुई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस पर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को पुलिस की एक टीम इंस्टिट्यूट के अंदर मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा और इंस्टिट्यूट के छात्रों से इस मामले में बात करेगी। प्रेम राज की मौत के बाद भागलपुर में उसके परिजनों को जानकारी दी गई।

## छठ तक बदल जाएगा JP गंगा पथ का नजारा

# 150 जगहों पर बनेंगे ट्री प्लांटर, दीघा रोटरी से LCT घाट तक बनेगा पिकनिक स्पॉट

**एजेंसी, पटना।**

पटना के JP गंगा पथ (मरीन ड्राइव) की खूबसूरती को और बढ़ाने के लिए पटना स्मार्ट सिटी द्वारा 150 जगहों पर ट्री प्लांटर बनाया जा रहा है। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत जेपी गंगा पथ स्थित दीघा रोटरी से LCT घाट की ओर करीब 3 किलोमीटर के एरिया को आधुनिक तरीके से विकसित किया जा रहा है। इसमें शो प्लांट लगाए जाएंगे ताकि गंगा पथ की खूबसूरती और बढ़ सके। इसे छठ तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**पाथवे के किनारे ग्रील लगाने का काम पूराः** एक ट्री प्लांटर 10 फीट चौड़ा और 15 फीट लंबा बनाया जा रहा है। गंगा की तरफ



वाले भागों में पाथवे के किनारे ग्रील लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं, सड़क की तरफ वाले भाग में 5 फीट की ऊंचाई की क्रॉस बैरिकेडिंग की जाएगी, ताकि लोग निर्धारित प्रवेश द्वार से ही अंदर जा सके। ट्री प्लांटर को रंग बिरंगी लाइट से सजाया भी जाएगा, ताकि रात में इसकी खूबसूरती अच्छी दिखे। गंगा पथ पर ऑक्सी ग्रीन, अरेबियन जैस्मिन, पाम, ग्रीन ईऑन फिक्स, युगांडा फॉक्सटेल पाल्म, फीकस बनसोई, एलोवेरा प्लांट, आदि लगाए जाएंगे।

**पिकनिक स्पॉट के रूप में किया जा रहा डेवलपः** पटना स्मार्ट सिटी द्वारा गंगा रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट के तहत इसमें डेवलपमेंट किया जा रहा है, ताकि लोग जब शाम में अपने परिवार या दोस्त के साथ आएं तो उन्हें एक अच्छा अनुभव मिले। इसे एक पिकनिक स्पॉट के रूप में डेवलप किया जा रहा है। पौधों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री प्लांटर बनाया जाता है। आम तौर पर ट्री प्लांटर चारों ओर ईंट की दीवारों से घिरा रहता है, ताकि कोई भी पशु उसे क्षति नहीं पहुंचा सके। प्लांटर की दीवारों को टाइल्स लगाकर या उसे रंग बिरंगे रंग-रोगन की जाती है, जो देखने में काफी सुंदर लगता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता के हत्या मामले में चार पर केस दर्ज

**चाणक्य भूमि मझौलिया।**महनवा डुमरी की लीलावती देवी हत्या कांड में विवाहिता के भाई दिनेश कुमार ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला डुमरी महनवा की है जिसमे विवाहिता के पति जयप्रकाश यादव, सास उर्मिला देवी, ससुर राम प्रकाश यादव उर ननद आशा देवी को नामजद किया है। यह जानकारी एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि बिगत 31अगस्त को लीलावती देवी की इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी थी। आरोप है कि विवाहिता के मुंह से गाज गिर रहा था। उसके खाने में कुछ मिलाकर हत्या करने का आरोप है।

### चकिया के गणपति हॉस्पिटल दवा दुकान में छापेमारी




**चाणक्यभूमि।** सोमवार को जिला से आई टीम ने चकिया के गणपति हॉस्पिटल में छापेमारी की। इस छापामारी में अधिकारियों को नारकोटिक्स सहित कई प्रतिबंधित दवा बरामद होने की सूचना प्राप्त हो रही है। जानकारी के अनुसार बिना लाइसेंस के ही दवा दुकान दुकान चलाई जा रही थी। जिला से आई टीम ने चकिया पुलिस के सहयोग से इस छापामारी को अंजाम दिया। इस कारवाई से अवैध दवा व्यापारीयों मे हड़कंप मच गया है।

### जिले मे हुई डेंगू की दस्तक स्वास्थ्य विभाग सतर्क




» बगहा में मिला डेंगू का मरीज़ जीएमसीएच में भर्ती

**चाणक्य भूमि।** जिले मे डेंगू के मरीज़ मिलने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। मरीज़ की पहचान बगहा पुलिस जिला के रतनमाला वार्ड संख्या-33 निवासी अब्दुल फैयज के पुत्र हसमुद्दीन के रूप मे हुई है। डॉक्टरों द्वारा उसकी हालत फिलहाल सामान्य बतायी जा रही है। आपको बता दे कि डेंगू मरीजों के लिए जीएमसीएच के सी-ब्लॉक के फोर्थ फ्लोर पर 18 बेड का अतिरिक्त वार्ड बनाया गया है। जबकि नरकटियागंज एवं बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में डेंगू मरीजों के लिए 6-6 बेड सुरक्षित रखा गया है। जबकि सभी सीएचसी में दो-दो बेड सुरक्षित रखा गया है।

### पोषण अभियान के तहत महिलाओं में एनीमिया की होगी जांच 1-30 सितम्बर तक चलाया जा रहा पोषण माह अभियान

**चाणक्य भूमि गौनाहा।**समेकित बाल विकास परियोजना गौनाहा द्वारा प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंन्द्रो पर 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह अभियान चलाया जा रहा है। सीडीपीओ कुमारी सुचेता ने बताया कि पोषण अभियान के तहत बच्चों का वजन एनीमिया कैंप में गर्भवती व किशोरी की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें मुफ्त में दवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय भोजन के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा। बच्चों सहित किशोरी, धातृ व गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर दवा उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों के पोषण व पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। आईसीडीएस कर्मी नवीन कुमार गुप्ता ने बताया कि अगस्त माह में अभियान चलाकर सभी 230 आंगनबाड़ी केंन्द्रो पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 345 फलदार व छायादार पौधे लगाए गए हैं ताकि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके। उनका कहना था कि इसी अभियान के तहत समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में भी 4 फलदार व छायादार पौधे लगाए गए हैं।

### मुखिया ने सांसद व विधायक से लगाई गुहार

**धमौरा मुखिया ने पंचायत की समस्याओं से निजात हेतु मंत्री, सांसद व विधायक से लगाई गुहार**

**चाणक्य भूमि गौनाहा।** धमौरा पंचायत के मुखिया राम बिहारी महतो ने धमौरा पंचायत के विभिन्न गांव में उत्पन्न समस्याओं के निदान हेतु मंत्री सतीश चंद्र दुबे, सांसद सुनील कुमार महतो व विधायक भागीरथी देवी को 6 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मुखिया का कहना है कि एकवा से परसौनी होते हुए धमौरा जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर व बदहाल है। खंडवा टोला से धमौरा जाने वाली सड़क बदहाल है जिससे बच्चों को विद्यालय जाने में कठिनाई होती है। जंगल किनारे बसे लोगों को जंगली जानवरों से जान माल व फसल की बर्बादी होती है। जंगल के किनारे बसे लोगों को जंगल से जल जमाव, घर सगहा, हरसंगहा नहीं मिलता है। नदियों के किनारे बसे गांव परसौनी, बनबैरियां व मानपुर का कटाव हो रहा है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले इंदिरा आवास बनवाने के लिए बालू निकालने पर रोक लगा दी गई है। उनका कहना है कि इन समस्याओं से धमौरा पंचायत के लोगों को निजात दिलाई जाय।

# नगर पंचायत को नगर परिषद का दर्जा देने की माँग दी

चाणक्य भूमि जयनगर



जिले मधुबनी के जयनगर मुख्यालय को नगर पंचायत से नगर परिषद की दर्जा देने की मांग की आवाज "विश्वगुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट" के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामप्रसाद राउत ने मधुबनी जिले के जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा को एक प्रार्थना पत्र लिखकर दिया गया है। बताते चलें कि मधुबनी जिले में स्थित जयनगर शहर, जो भारत/नेपाल के सीमा से सटे नगर पंचायत जयनगर को नगर परिषद में अपग्रेड करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। बता दें, श्री राऊत ने मीडिया के जरिए जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2001 से ही जयनगर को नगर पंचायत का दर्जा मिला हुआ है। आज लगभग करीब 23 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी शहर का विस्तारीकरण दस किलोमीटर में फेल गया है। इसके बावजूद भी कुल यहां की जनसंख्या 72000 हजार के आसपास हो गई है, आगे उन्होंने कहा कि जयनगर नगर पंचायत अगर नगर परिषद में तब्दील हो जाए तो बिहार सरकार के राजस्व में काफी वृद्धि होने के साथ- साथ शहरी लोगों को बेहतर सुविधाएं भी मिलने लगेंगी। आगे श्री राउत ने कहा है कि सीमावर्ती शहर जयनगर मधुबनी जिले का प्रमुख व्यावसायिक केंद के साथ एक बेहतर शहर है, जो सामूहिक दृष्टिकोण या आर्थिक रूप से काफी महत्वपूर्ण व संवेदनशील है, बिहार सरकार के द्वारा कैबिनेट में लिए गए निर्णय के आलोक में जयनगर, नगर पंचायत को नगर परिषद के लिए सभी मापदंडों का पूरा कर रहा है और साथ ही, इतना ही नहीं जयनगर मधुबनी जिलेभर में सबसे अधिक राजस्व देने वाले अनुमंडल भी है। यहां अनुमंडल कार्यालय से लेकर अनुमंडल पुलिस कार्यालय और निबंधन कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, विधुतग्रिड व पावर सव_स्टेशन, डीबी कॉलेज, भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा, सर्किट हाउस, वी बाजार, एम बाजार सहित अनुमंडल अस्पताल तथा जीवनदीप अस्पताल भी मौजूद हैं।

यह सब जयनगर के नगर पंचायत के सीमा से बाहर स्थित है, इन सभी क्षेत्रों को मिलाकर जयनगर शहर को नगर परिषद बना देने से हजारों लोग विकास की मुख्य धारा से जुड़ पाएंगे और साथ ही, विकास की धारा बहने से सरकार को भारी राजस्व में वृद्धि होगी। आगे उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार वर्तमान में 14 वार्ड वाली नगर पंचायत की जनसंख्या 21782 है, साथ ही बता दें की जयनगर बस्ती पंचायत की जनसंख्या 12282 तथा 14 वार्ड वाली देवधा दक्षिणी पंचायत की जनसंख्या 12995 इतनी है और 15 वार्ड वाली दुल्लीपट्टी पंचायत की जनसंख्या 12076 तथा बेलही पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर 1,2, व 3 की जनसंख्या 4718 और बेलही दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 14, 15, 16, व 17 की जनसंख्या 3766 है। जिसे जयनगर नगर पंचायत क्षेत्र में शामिल किया जा सकता है। इसको लेकर जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर उपरोक्त सभी बातों का अवलोकन कराते हुए अपने स्तर से जांच पड़ताल कर उचित कारवाई करने के साथ जयनगर नगर पंचायत को नगर परिषद में बदलने की मांग है।

जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने जयनगर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को अपने संज्ञान में देते हुए, जल्द ही इस प्रस्ताव को आगे भेजने का निर्देश दिया है।

## बाइक की हुई आमने-सामने टक्कर में तीन हुए घायल



चाणक्य भूमि जयनगर

जयनगर अनुमंडल के पिपरा टोल मेन रोड एनएच के समीप दो बाइक सवार के आमने- सामने की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों की पहचान नन्दधरी लदनियां गांव निवासी गणेश पूर्वे व रौशनी कुमारी एवं नेपाल लगदी वार्ड नंबर 15 के निवासी उदय कुमार सिंह के रूप में हुई है, बताया जाता है कि सोमवार की सुबह एक बाइक से जयनगर की ओर आ रहे थे, तभी दूसरी और पदमा की ओर से आ रही बाइक ने इसी बीच पिपरा टोल पहुंचते ही आमने-सामने की टक्कर हो गई।

उक्त घटना में तीन लोगों गंभीर रूप से घायल हो गए।बताते चलें की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उर गए, टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण लोग घटनास्थल की ओर दौर पड़े तथा घायलों को उठाकर स्थानीय जयनगर थाना पुलिस टीम के सहयोग से जयनगर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दरम्यान घायल व्यक्ति स्थिति अधिक खराब होने के कारण सदर अस्पताल मधुबनी रेफर कर दिया गया। वही, जानकारी देते हुए स्थानीय ग्रामीण में से एक व्यक्ति नाम सुशील कुमार ने बताया की एनएच मेन रोड पिपरा टोल, जयनगर के नजदीक एक नेपाली बाइक और इंडियन बाइक में जबरदस्त टक्कर होने से तीन व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए, गंभीर हालत होने के कारण प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल मधुबनी रेफर कर दिया गया।

# जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

चाणक्य भूमि मधुबनी



उच्च विद्यालय पंडौल के क्रीड़ा मैदान में दीप प्रज्ज्वलित कर जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने के द्वारा किया गया और जिले के युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि खेल विभाग द्वारा जिलास्तर पर इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं को चयनित कर राज्यस्तर पर भेजना है। यही प्रतिभाएँ आगे चलकर राष्ट्रीय व ओलिंपिक में प्रतिनिधित्त्व करेंगी। आजकल के बच्चे खेल मैदान को छोड़कर वीडियो गेम्स तथा सोशल मीडिया में ज्यादा रुचि ले रहे हैं, यह उनके सर्वांगीण विकास का सबसे बड़ा बाधक है।

आज के अभिभावकों व शिक्षकों को बच्चों को आउटडोर गेम्स के प्रति प्रेरित करना चाहिए साथ ही बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी की दिशा में खेल का का बड़ा महत्त्व है। वर्तमान समय में खेल रोजगार प्राप्ति का भी बड़ा माध्यम बन रहा है, साथ ही जिलाधिकारी ने जिले के एथलीट्स की संतुलित आहार का महत्त्व समझाया। आगे, उन्होंने कहा कि खिलाड़ी जंक फूड का सेवन करने से बचें।विभिन्न खेलों में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देने हेतु घर का संतुलित भोजन करें तथा नियमित फलों का सेवन करें, साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिलाधिकारी ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों का श्रेष्ठ प्रदर्शन देखकर खुशी जताते हुए कहा कि जिले की बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं, यह जिले के विकास की दिशा में शुभ संकेत है। आगे संबोधन के बाद जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, डीडीसी दीपेश कुमार तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार ने संयुक्त रूप से गुब्बारा का गुच्छा को हवा में उड़ाकर खेल प्रतियोगिता का आगाज़ करते हुए जिले में खेल भावना के संदेश का प्रसार किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में उच्च विद्यालय, पंडौल की छात्राओं ने मैथिली संगीत की मनमोहक प्रस्तुति भी दी।प्रतियोगिता के पहले दिन उच्च विद्यालय, पंडौल के क्रीड़ा मैदान में अंडर- 14 बालक/बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, खोखो, वॉलीबॉल, नगर भवन में बैडमिंटन, खेल भवन सह व्यायाम शाला भवन में कबड्डी तथा बालक वर्ग में कुश्ती का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जावेद आलम, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा नीतीश कुमार, प्रशिक्षु जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमन कुमार आकाश सहित खेल प्रतियोगिता संबंधित विभिन्न समितियों के नोडल ऑफिसर, सदस्य तथा विभिन्न प्रखंडों से आए शिक्षक एवम शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## 114 वीं जयंती पर याद किये गये पद्मश्री ललई सिंह यादव

चाणक्यभूमि मैनाटाड़



प्रखंड कार्यालय प्रांगण में पद्मभूषण पद्मश्री सहित अनेकों राष्ट्रीय पुरस्कारों से उपाधि प्राप्त सामाजिक व्यवस्था परिवर्तन के प्रबल प्रवर्तक परिनिर्वाणित ललई सिंह यादव जी की 114 वीं जयंती मनायी गयी। सभा के आयोजक भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश बौद्ध रहें। वहीं व्यवस्थापक सह अध्यक्षता पुलिस कर्मी अरूण कुमार ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत ओमप्रकाश बौद्ध एवं अरूण जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया ।वहीं अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ प०चंपारण के प्रधान सचिव अरविंद रवि ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि आज के इस युग में ललई सिंह यादव जी के आदर्शो को अपना कर एवं उनके बताए मार्गो पर चले बिना सामाजिक उन्नति नहीं हो सकती। वहीं अरूण कुमार कहा कि ललई सिंह यादव जी ने सच्ची रामायण लिखकर सामाजिक क्रांति के मार्ग को प्रशस्त किया। प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश बौद्ध ने उनकी कीर्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने बहुजन महापुरुषों के विचारों को पढ़ने समझने एवं अनुशरण करने की जरूरत है,सभा के अंत में मिठाई खिलाकर सभी ने आभार जताया। मौके पर एम डी आलम,अजय कुमार अधिवक्ता, रामू कुमार,संदीप यादव,एल के बिहारी, मैना टांड़ थाने के कर्मी सन्नी कुमार,वाहन चालक मुन्ना कुमार यादव, एस आई जयशंकर यादव, गृह रक्षा वाहिनी के मुन्ना कुमार, दीपक कुमार,संगम कुमार,राजू कुमार,विजय राम उपस्थित रहे।

## जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी श्रीमती रोचना माद्री ने पत्रकारों के साथ की बैठक

चाणक्य भूमि बेतिया



» सरकार की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से आमजनों को लाभान्वित करने में सभी प्रकार के मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका- डीपीआरओ

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्रीमती रोचना माद्री आज सूचना भवन के सभागार में पश्चिम चम्पारण जिले के प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक एवं डिजिटल मीडिया के जिला संवाददाता, ब्यूरो आदि से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से आमजनों को लाभान्वित करने में सभी प्रकार के मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की योजनाओं को अच्छे तरीके से समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने हेतु जिला प्रशासन एवं मीडिया प्रतिनिधियों को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अगर कहीं कुछ कमी रह जाती है तो उसे भी मीडिया जिला प्रशासन को अवगत कराये, अविलंब उसे ठीक कराने की दिशा में कारगर कार्रवाई की जायेगी।

इस दौरान दर्जनों मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्षेत्र में उत्पन्न हो रही विभिन्न समस्याओं से जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी को अवगत कराया। इस पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया जायेगा।

इस अवसर पर प्रशिक्षु सहायक निदेशक-सह-जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, डॉ0 अजय कुमार सिंह सहित मीडिया प्रतिनिधि यथा- अवधेश कुमार शर्मा, हृदयानंद सिंह यादव, मृत्युंजय कुमार दुबे, मनीष कुमार, पंकज कुमार, कैलाश यादव, एस के राव, आशिष कुमार, सुल्तान अहमद, समर कुमार दत्ता, विनय कुमार, इन्द्रमणि दुबे, प्रकाश सिंह, गोविन्द गिरी, मो0 साहेब सैयद समसुद्दीन, सूरज कुमार सिंह, राजेश कुमार, ब्रजभूषण कुमार, दिलशाद अहमद, शेखर सोनी, मधुसूदन प्रसाद गुप्ता, राकेश कुमार, सैयद सहाबुद्दीन अहमद, कुमार शानू, सोनू भारद्वाज, धर्मेन्द्र सर्राफ, अश्वनी कुमार सिंह, चन्दन ठाकुर, राणा प्रताप गुप्ता, ताज खान, सत्यम सिंघानिया सहित अन्य मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# महामना मालवीय मिशन बिहार द्वारा पटना में होगा अधिवेशन

चाणक्य भूमि दरभंगा



मेधा संपन्न व्यक्तित्व के धनी मालवीय हमारे प्रेरणा पुंज एवं दरभंगा जिले में शिक्षा प्रेमी महामना का आना जैसे किसी यज्ञ का पूरा होना। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी की स्थापना में दरभंगा राज का अतुलनीय एवं चिरस्मरणीय योगदान रहा है। उक्त बातें महामना मालवीय मिशन, बिहार इकाई द्वारा दरभंगा के माधवेश्वर परिसर (श्यामा मंदिर) में पटना में आगामी 14-15 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मिशन की बिहार इकाई के अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि केवल बीएचयू, वाराणसी में पढ़ने वाले या पूर्व में पढ़े छात्र- छात्रा ही इस मिशन में नहीं हैं, बल्कि भारतरत्न मालवीय के विचारों से प्रभावित कोई भी व्यक्ति इस मिशन से जुड़कर कार्य कर सकते हैं। विषय प्रवेश कराते हुए मिशन के बिहार इकाई के सचिव आलोक कुमार सिंह ने मिथिला की पुनीत धरती को नमन करते हुए कहा कि इस परिसर में आने मात्र से ही असीम ऊर्जा मिलती है और उन्होंने मिथिला और काशी का अटूट एवं अकाट्य ऐतिहासिक संबंधों की चर्चा करते हुए कहा कि मालवीय जी के जीवन चरित्र पर प्रकाशित वांगमय में श्यामा मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष डॉ. जयशंकर झा के योगदान पर विस्तार से चर्चा की, साथ ही बी.एच.यू की स्थापना के शुरुआती दौर में दरभंगा राज की ओर से मिले पांच लाख की राशि को अति महत्वपूर्ण बताया।

मिशन से जुड़े आर.के.चतुर्वेदी ने मिशन के आगामी योजनाओं के बारे में, खासकर मालवीय विचारों से प्रेरित विद्यालय खोलने पर बल दिया। स्वागत भाषण के क्रम में श्यामा मंदिर न्यास समिति की सचिव मधुबाला सिन्हा ने कहा कि मैं महामना के मानस पुत्रों को परिसर में पाकर अभिभूत हूँ। डॉ. सोमेश्वर नाथ झा दधिचि के वैदिक मंगलाचरण से शुरू हुए कार्यक्रम का संचालन कला संस्कृति एवं युवा विभाग के राज्य परामर्शदात्री सदस्य सह कार्यक्रम के संयोजक उज्ज्वल कुमार ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित डॉ.आर.एन. चौरसिया ने मालवीय जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा कि उनका जीवन अथाह सागर की तरह है। वे अप्रतिम मेधा संपन्न व्यक्तित्व के धनी थे जो आज भी हमारे प्रेरणा पुंज एवं मार्गदर्शक हैं। मालवीय जी कुशल समाज सुधारक, उच्च कोटि के देशभक्ति, लोकप्रिय शिक्षक तथा विद्वान् राजनीतिक थे, जिनसे हमें सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही मालवीय जी के योगदानों पर एक संगोष्ठी का आयोजन दरभंगा में किया जाएगा। डॉ.अशोक कुमार सिंह ने मालवीय जी के स्वाधीनता आंदोलन की विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारिता को राष्ट्रीय जागरण का साधन बनाया था। प्रो.आनंद मोहन झा ने कहा कि मालवीय जी जिस कार्य को अपने हाथों में लेते थे, उसमें वे मील का पत्थर सिद्ध होते थे। वरिष्ठ पत्रकार विनोद कुमार ने कहा कि महामना पत्रकार, कथाकार, नाटककार, कलाकार, कुशल नेता एवं अच्छे शिक्षाविद् थे, जिनसे विशेष रूप से युवा पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए।अधिवक्ता अमर प्रकाश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। न्यास समिति की ओर सभी आगत अतिथियों को मां श्यामा के आशीर्वाद स्वरूप चुनरी प्रदान की गई। वहीं मिशन की बिहार प्रदेश इकाई द्वारा सभी अतिथियों को महामना मदन मोहन मालवीय का फ्रेमिंग चित्र, दुपट्टा, कलम तथा की-रिंग आदि प्रदान किया गया। विदित हो मालवीय मिशन, बिहार इकाई को 20 वर्षों में पहली बार राष्ट्रीय अधिवेशन करने का सौभाग्य पटना में मिल रहा है।

इस अवसर पर कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व एनएसएस समन्वयक डॉ सत्यवान कुमार के आकस्मिक निधन पर सदस्यों द्वारा दुःख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

## जंगली हाथियों के उत्पात से किसान परेशान, लगभग एक एकड़ गन्ना एवं धान के फसल को पहुंचाया नुकसान

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर



वाल्मीकिनगर रेंज के वनवर्ती गांवो में अब नेपाली हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है। गन्ने एवं धान की फसलों को हाथियों ने तबाह करना शुरू कर दिया है। इससे किसान परेशान नजर आ रहे हैं। जंगली हाथी वीटीआर के जंगल से निकलकर किसानों की फसलों को बर्बाद करने में लगे हैं।

रविवार की रात करीब आधा दर्जन हाथियों के झुंड को लक्ष्मीपुर गांव से सटे सरेह में देखा गया है। हाथी किसानों के गन्ने और धान के एक एकड़ फसल को रौंदकर तहस-नहस कर दिए हैं। ग्रामीण हाथियों के भय से खेतों की तरफ नहीं जा पा रहे हैं। हाथियों के झुंड के आने की सूचना ग्रामीणों ने वाल्मीकिनगर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजकुमार पासवान को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वनकर्मियो ने ग्रामीणों को हाथियों का झुंड आने और खेतों में जाने के दौरान पूरी सावधानी बरतने को आगाह किया। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

किसान चंद्रभान मर्दनिया ने बताया कि हाथी उत्पात मचा रहें हैं। हमारे हरे भरे फसलों को रौंद कर हमारे पेट पर प्रहार किया है। किसानों का कहना है कि अब फसल जब तैयार होने को है। ऐसे में हाथियों के फसलों को तहस-नहस करने से अरमानों पर पानी फिर गया है। इस बाबत वाल्मीकिनगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि ग्रामीण सतर्कता बरतें। वन विभाग की ओर से हाथियों को भगाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# महिला टी20 विश्व कप : स्कॉटलैंड की टीम घोषित, कैथरीन ब्राइस होंगी कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आगामी आईसीसी महिला टी 20 कप 2024 के लिए सोमवार को स्कॉटलैंड की टीम घोषित हो गई है। कैथरीन ब्राइस टीम की अगुवाई करेंगी। ब्राइस आखिरी बार इस साल मई में यूएई में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 के दौरान स्कॉटलैंड की टीम में नज़र आई थीं। बल्ले (177 रन) और गेंद (नौ विकेट) से उनके शानदार प्रदर्शन ने यूरोपीय टीम को अपने पहले महिला टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद की।

विकेटकीपर-बल्लेबाज सारा ब्रायस को उप-कप्तान बनाया गया है। स्कॉटलैंड ने अनुभवी लेग स्पिनर अबताहा मकसूद को भी टीम में शामिल किया, जिन्होंने हाल ही में नीदरलैंड्स त्रिकोणीय श्रृंखला में टीम को जीत दिलाई थी। हेड कोच क्रेग वालेस ने आईसीसी के हवाले से कहा, "इस टीम का मेकअप और संतुलन बेहतरीन है। हमारे पास शुरू से लेकर आखिर तक मैच जीताने वाले खिलाड़ी हैं, जो मुझे लगता है कि मेरे छोटे कार्यकाल के दौरान इस टीम के विकास में बड़ा अंतर है। खिलाड़ी हर बार मैदान पर कदम रखते ही महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं और यह बात टीम में हर जगह दिखाई देती है।" वालेस ने कहा, "हालांकि यह वास्तव में कठिन था, लेकिन इस टीम का चयन करना वास्तव में आनंददायक भी था, क्योंकि हमने कई बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं, और हम जानते हैं कि सभी 15 खिलाड़ी वहां जाकर विश्व कप में हमारे लिए क्रिकेट मैच जीत सकते हैं।" स्कॉटलैंड प्रतियोगिता के ग्रुप बी में पड़ोसी देशों इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के साथ है।

**स्कॉटलैंड की टीम इस प्रकार है :** कैथरीन ब्राइस (कप्तान), सारा ब्राइस (उप कप्तान), लोर्ना जैक-ब्राउन, एब्बी एटकेन-ड्रमंड, अब्ताहा मकसूद, सास्किया होर्ले, क्लो एबेल, प्रियानाज चटर्जी, मेगन मैककॉल, डार्सी कार्टर, ऐल्सा लिस्टर, हन्ना रेनी, रेचल स्लेटर, कैथरीन फ्रेजर, ओलिविया बेल।

# यूएस ओपनः एम्मा नवारो ने गत चैंपियन कोको गॉफ को हराया

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**




एम्मा नवारो ने सोमवार की सुबह घरेलू पसंदीदा कोको गॉफ को चल रहे यूएस ओपन से बाहर कर दिया। एम्मा ने यह मैच 6-3, 4-6, 6-3 से जीता, जिससे वह लगातार दूसरे प्रमुख क्वार्टरफाइनल में पहुंची और न्यूयॉर्क में गॉफ के 11 मैचों की जीत के सिलसिले को भी समाप्त कर दिया। कुछ महीने पहले जब नवारो ने पहली बार विंबलडन में गॉफ के साथ खेला था, तब वह कोई जानी-मानी हस्ती नहीं थीं, लेकिन फिर भी उन्होंने चौथे राउंड के मैच में सीधे सेटों में अमेरिकी सनसनी को हरा दिया। उन्होंने यह साबित कर दिया कि विंबलडन में मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी, नवारो ने फिर से ऐसा किया है।

नवारो, जिन्होंने वर्ष की शुरुआत विश्व में 31वें नंबर पर की थी, अब डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने की कगार पर हैं। अपने करियर की शुरुआत के बारे में बात करते हुए नवारो ने कहा कि उन्होंने कॉलेज छोड़ने के बाद खुद से जो उम्मीदें की थीं, उन्हें पार कर लिया है। डब्ल्यूटीए के हवाले से नवारो ने कहा, "जब मैंने पहली बार कॉलेज छोड़ा था, तो मेरे कोच और मैंने एक तरह से दो साल का अनुबंध किया था, कि मैं दो साल तक पेशेवर टेनिस खेलने के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित करूंगी और उसके बाद बस फिर से मूल्यांकन करूंगी। मुझे लगता है कि मैंने इस जून में दो साल का आंकड़ा छू लिया, और हमने इसे स्वीकार भी नहीं किया या इसके बारे में बात भी नहीं की। तो, हाँ, निश्चित रूप से मैंने अपनी उम्मीदों को पार कर लिया है।" गॉफ की हार काफी हद तक उनकी अपनी गलती थी, क्योंकि उन्होंने 19 डबल फॉल्ट और 60 अनफोर्स्ड एरर किये। मैच का पहला ब्रेक गॉफ द्वारा 2-3 पर सर्व करने के साथ आया। फिर, दो बैक-टू-बैक डबल फॉल्ट ने नवारो को कुछ राहत दी और वह इसके बाद भी नहीं रुकीं। नवारो का अगला मुकाबला पॉल बैडोसा से होगा। पेरिस ओलंपिक 2024 की महिला एकल चैंपियन और दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन ने भी 16 के राउंड में डोना वेकिक को 7-6(2), 4-6, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह क्वार्टर फाइनल में आर्यना सबालेंका का सामना करेंगी। यह झेंग का लगातार दूसरा यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल है।

# अमेरिकी ओपन : टेलर फ्रिट्ज़, ग्रिगोर दिमित्रोव पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज़ ने नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फ्रिट्ज़ ने रूड पर 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह मैच दो घंटे और 44 मिनट तक चला। मैच जीतने के बाद, टेलर फ्रिट्ज़ ने स्वीकार किया कि उनके प्रतिद्वंद्वी रूड मैच में अच्छा खेल रहे थे।

फ्रिट्ज़ ने एटीपी के हवाले से कहा, "मुझे बस इसमें बने रहना था क्योंकि मुझे लगा कि उसने पहले सेट में मुझे मात दे दी। मेरे और उसके पास कुछ मौके थे और उसने उन्हें भुनाया। वह अच्छा खेल रहा था और मैंने दूसरे सेट की शुरुआत में कुछ कड़े सर्विस गेम से बाहर निकलने और स्कोरबोर्ड पर दबाव बनाने के लिए वास्तव में अच्छा काम किया। मुझे लगता है कि उसके बाद उसका स्तर थोड़ा गिर गया होगा। मुझे दूसरे सर्व पर अधिक मौके मिल रहे थे और मैं बस वहीं से जीत सकता था।"

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि वह एक समय में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं और किसी भी अतिरिक्त दबाव में नहीं हैं। उन्होंने कहा, "ईमानदारी से कहूं तो मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहा हूं। मुझे लगता है कि इससे दबाव बढ़ सकता है। मैं 2022 में यह कहकर आया था कि मैं इसे जीत सकता हूं और मैं पहले दौर में हार गया। मुझे लगता है कि एक बार में एक मैच पर ध्यान देना अच्छा है।" इस बीच, बुल्गारियाई टेनिस खिलाड़ी ग्रिगोर दिमित्रोव भी यूएस ओपन के राउंड ऑफ 16 में रूस के एंड्री रुबलेव को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

# पैरा-स्प्रिंटर प्रीति पाल ने रचा इतिहास, जीता दूसरा पदक

**एजेंसी, पेरिस**



भारतीय पैरा स्प्रिंटर प्रीति पाल ने रविवार देर रात 200 मीटर टी-35 रेस में कांस्य पदक जीता। इस पदक के साथ, प्रीति ने इतिहास रच दिया क्योंकि वह पैरालिंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं। इस स्पर्धा में प्रीति ने 30.01 सेकंड में दौड़ पूरी कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले शुक्रवार को प्रीति ने महिलाओं की टी35 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 14.21 सेकंड का समय लिया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी था। पैरा-एथलीट ने पेरिस पैरालिंपिक में अपना दूसरा पदक जीतने के बाद कहा, "मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की और मुझे खुशी है कि मैंने एक और पदक जीता। 100 मीटर में पदक जीतने के बाद लोगों ने मुझे ट्रोल किया और इससे मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा मिली।" इससे पहले, प्रीति की लगन और कड़ी मेहनत का नतीजा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 के लिए उनके चयन के रूप में सामने आया, जहां उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पेरिस पैरालिंपिक के लिए अपना कोटा प्राप्त किया।

# पेरिस पैरालिंपिकः योगेश कथुनिया ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 में जीता रजत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



योगेश कथुनिया ने सोमवार को स्टेड डी फ्रांस में आयोजित पेरिस 2024 पैरालिंपिक के पैरा-एथलेटिक्स पुरुष डिस्कस एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीता। यह भारत का पैरालिंपिक में आठवां पदक था।

27 वर्षीय योगेश ने इस स्पर्धा में 42.22 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, जो इस सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने 46.86 मीटर के पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ग्रीस के कोंस्टेंटिनोस त्ज़ुनिस ने 41.32 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। स्लोवाकिया के डुसन लैक्ज़को 41.20 मीटर थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। सर्बिया के नेबोजसा ड्यूरिक ने क्वालीफ़ाई करने के बावजूद फ़ाइनल में भाग नहीं लिया। योगेश ने अपने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए थ्रो की शुरुआत की। उनके 42.22 मीटर थ्रो ने उन्हें ब्राज़ील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस के पीछे दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया।

योगेश को ब्राज़ील खिलाड़ी को पछाड़ने के लिए लंबी दूरी तक थ्रो करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि 27 वर्षीय खिलाड़ी की दूरी प्रत्येक थ्रो के साथ कम होती गई। 41 मीटर के दो थ्रो के बाद 40 के रेंज में दो थ्रो हुए और फिर 39.68 मीटर का अंतिम थ्रो हुआ। त्ज़ूनिस क्रम में अंतिम स्थान पर रहे, लेकिन अपने पांचवें प्रयास में 41.32 का सर्वश्रेष्ठ थ्रो ही कर पाए, जिससे उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## व्यापार

# घरेलू शेयर बाजार की धमाकेदार शुरुआत, ओपनिंग के साथ ही बना मजबूती का नया रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला सोमवार को भी जारी है। शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों ने आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाते हुए कारोबार की शुरुआत की। हालांकि बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में मामूली गिरावट भी आई। इसके बावजूद दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में कारोबार करते नजर आ रहे हैं। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, हीरो मोटोकॉर्प, आईटीसी और बजाज ऑटो के शेयर 2.24 प्रतिशत से लेकर 1.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ओएनजीसी के शेयर 1.58 प्रतिशत से लेकर 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 359.71 अंक उछल कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 82,725.28 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली का दबाव बनाने की कोशिश भी हुई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में मामूली गिरावट भी आई। हालांकि थोड़ी ही देर में खरीदारों ने दोबारा लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 234.32 अंक की मजबूती के साथ 82,600.09 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# लगातार चौथे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी गिरी कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन मामूली गिरावट नजर आ रही है। आज की गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये से लेकर 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,090 रुपये से लेकर 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी आई है। भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# चार सरकारी कंपनियों को नवरत्न का दर्जा मिलने से शेयर बाजार में बढ़ी हलचल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पब्लिक सेक्टर की चार और कंपनियों को नवरत्न स्टेटस मिलने का असर सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में भी नजर आ रहा है। वित्त मंत्रालय ने 30 अगस्त को ही सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन, नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी), रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर जेनरेशन कंपनी (एसजेवीएन) को नवरत्न का दर्जा दिया था। इन चारों में से सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन को छोड़ कर बाकी तीनों कंपनियां स्टॉक मार्केट की लिस्टेड कंपनियां हैं। इन तीनों कंपनियों के शेयर मूल्य में आज लगातार तेजी का रुख बना रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर रेलटेल कॉरपोरेशन पिछले सप्ताह की आखिरी दिन शुक्रवार को 490.80 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। नवरत्न का दर्जा मिलने के बाद आज पहली बार कंपनी के शेयरों की ट्रेडिंग हुई। आज का कारोबार शुरू होने के बाद कंपनी के शेयर 25 रुपये से अधिक की छलांग लगा कर 516 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इसी तरह हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर जेनरेशन कंपनी, जिसे पहले सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के नाम से जाना जाता था, उसके शेयर आज करीब पांच प्रतिशत उछल कर 140 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इसके पहले पिछले सप्ताह एसजेवीएन के शेयर 133.35 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। इसके अलावा नेशनल हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) के शेयर 4.66 प्रतिशत उछल कर 100.50 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को इस शेयर ने 96.12 रुपये के स्तर पर कारोबार का अंत किया था।

# मारुति सुजुकी ने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो के चुनिंदा मॉडल की कीमत घटाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अपने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो मॉडल के चुनिंदा वेरिएंट की कीमतों में तत्काल प्रभाव से कटौती की है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई है। मारुति सुजुकी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी ने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो के कुछ वेरिएंट की कीमतों में कटौती की है। कंपनी ने कहा कि 2 सितंबर से एस-प्रेसो एलएक्सआई पेट्रोल की कीमत 2,000 रुपये और ऑल्टो के10 वीएक्सआई पेट्रोल की कीमत 6,500 रुपये घटाई गई है। इससे एक दिन पहले एक सितंबर को कंपनी ने शेयर बाजार को बताया था कि अगस्त 2024 की बिक्री में लगभग 3.9 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। कंपनी ने अगस्त, 2023 में 189,082 इकाइयों की तुलना में अगस्त, 2024 में 181,782 इकाइयां बेची है। इस तरह कुल मिलाकर मारुति सुजुकी की अगस्त की बिक्री में घरेलू स्तर पर बेची गई 145,570 इकाइयां और निर्यात की गई 26,003 इकाइयां शामिल है।

# टीवीएस मोटर कंपनी ने सोमवार को लांच किया ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110

**एजेंसी, जयपुर**



टूव्हीलर और थ्रीव्हीलर बनाने में दुनिया की नामी कंपनियों में से एक टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने सोमवार को ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च किया है। यह स्कूटर नेक्स्ट जनरेशन के इंजन और भविष्य के लिहाज से सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए कई फीचर्स से लैस है। ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 'ज्यादा' के सार को दर्शाता है ज़्यादा स्टाइल, माइलेज, प्रदर्शन, आराम, सुविधा, सुरक्षा और तकनीक। टीवीएस जूपिटर एक अटूट साथी के रूप में अपने 65 लाख ग्राहकों की कई तरह की जरूरतों को लगातार पूरा करता आया है। लॉन्च के मौके पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड कम्प्यूटर बिजनेस और हेड कॉरपोरेट ब्रांड और मीडिया अनिरुद्ध हलधर ने कहा कि 'टीवीएस जुपिटर 110 पिछले एक दशक से टीवीएस मोटर स्कूटर पोर्टफोलियो का अगुवा रहा है। समय के साथ 65 लाख परिवारों ने इस उत्पाद में अपना विश्वास जताया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव ब्रांडों में से एक बन गया है। 'ज्यादा का फायदा के मूल मंत्र को नए सिरे से तैयार किए गए ऑल-न्यू टीवीएस जुपिटर द्वारा और मजबूत किया गया है। मांग पर टॉर्क देने की क्षमता, उपयोग के लिए ज्यादा जगह, बेहतर ईंधन दक्षता, आज के जमाने का डिजाइन, स्कूटर को अपनी श्रेणी में अलग बनाता है। हमारी यह नई पेशकश ग्राहकों को खुश रखना जारी रखेगी टीवीएस जूपिटर ब्रांड के लिए प्रेम और बढ़ेगा।'

# जिले में 30 सितंबर तक चलेगा पोषण अभियान

चाणक्य भूमि मोतिहारी

पोषण के प्रति जनसमुदाय को जागरुक करते हुए 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण महाअभियान चलाया जाएगा। इस सम्बन्ध में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कविता कुमारी ने पूर्वी चम्पारण के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को पत्र लिखा है। श्वेता कुमारी, सीडीपीओ चकिया के द्वारा पोषण माह के अंतर्गत सेविका के साथ मीटिंग की गईं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष सितम्बर माह मे पोषण माह का आयोजन किया जाता है। पोषण माह के दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छः वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाने एवं 3-6 वर्ष के बच्चो के प्रारंभिक देख-भाल एवं शिक्षा के प्रति समुदाय को संवेदनशील बनाने हेतु जन भागीदारी से गतिविधि का आयोजन करेंगे।



जिला समन्वयक आदित्य राज ने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत 2024 के थीम के आधार पर पूरे महीने मोतिहारी प्रखंड के सभी केंद्रों पर मनाया जायेगा जिसमें सभी पंचायत प्रतिनिधियों का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर दिन पांच तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। पोषण स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा।

**» एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण की मिलेगी जानकारी पूरे माह कराई जाएगी अनेक प्रकार की गतिविधियाँ**

मोतिहारी सदर प्रखंड के रूलही पंचायत में सी थ्री के प्रखंड समन्वयक सारिका कुमारी, वार्ड सदस्य अन्ना देवी और सेविका द्वारा बच्चों के साथ जागरूकता रैली निकाली गईं। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कविता कुमारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिक्षा चौपाल आयोजित किए जाएंगे। बच्चों व उनके माता पिता के साथ खेल व खिलौना आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएगी। स्तनपान के महत्व, छह माह से अधिक बच्चों को दिए जाने वाले पूरक आहार में विविधता, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषण युक्त पदार्थ का पूरक आहार के रुप में प्रयोग के लिए लोगों को जागरुक किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आमलोगों के बीच जन-जागरुकता के लिए पूरे जिले में पोषण रैली, प्रभात फेरी और साइकिल रैली, पोषण शपथ कार्यक्रम और पोषण शपथ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन भी किया जाएगा। पूरे सितंबर महीने में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियां जैसे - गोदभराई सह सुपोषण दिवस और अन्नप्रासन के साथ ही आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा गृह भ्रमण कर विभिन्न बिंदुओं को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

## साँप के डसने से हुई लड़की क़ी मौत

चाणक्यभूमी,योगापट्टी

योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नम्बर पंद्रह के कवलापुर निवासी केवट चौधरी की तेरह वर्षीय पुत्री सुन्दरी कुमारी को शनिवार के शाम बिषैला सर्प के काटने से मौत हों गई हैं। ग्रामीण अवधेश चौधरी, सत्तन चौधरी, विद्या चौधरी, ललन चौधरी समेत वार्ड सदस्य राजू मुखिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लड़की के पिता केवट चौधरी मजदूरी करने दूसरे प्रदेश गये हुए हैं। सुचना मिलते ही वह वहाँ से तुरंत चल दिए हैं, लड़की के एक छोटी बहन और एक छोटा भाई हैं। शनिवार शाम में सुन्दरी कुमारी अपने घर से बगल सरेह में अपना खेत देखने के लिए गई जहाँ गन्ने के खेत से बिषैला सर्प निकलकर उसके पैरो में तीन बार डंक मार दिया, उसके बाद वह घबराकर भागी हुई घर पर आकर अपनी माँ एवं घर के अन्य परिजनों से कही और तब तक उसकी हालत गंभीर होने लगी घबराये हुए परिजन आनन -फानन में उसको लेकर चुहड़ी गये जहाँ स्थति गंभीर होने के कारण वहाँ के निजी क्लीनिक के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया जीएमसीएच बेतिया भेज दिया तभी रास्ते में ही रविवार को मौत हो गई।






# परिवार नियोजन पर हुआ कर्मियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण

चाणक्य भूमि बेतिया




जिले के सभी 18 प्रखंडों में परिवार नियोजन से सम्बन्धित कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर बेतिया के बरवत सेन के एक निजी होटल में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में सभी संस्थान के उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकरी एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखण्ड समुदायिक उत्प्रेरक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। इस अवसर पर डीसीएम राजेश कुमार, अनुश्रवण पदाधिकारी विनय कुमार सिंह एवं पीएसआई संस्था के जिला प्रतिनिधि प्रताप कोश्यारी, राकेश कुमार द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण कराया गया जिसमें परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक समाग्रियों से संबंधित चर्चा भी की गयी।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण में एफपीएलएमआईएस पोर्टल आधारित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस सम्बन्ध में डीसीएम राजेश कुमार, डीएमएनई विनय कुमार सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन संबंधित गर्भनिरोधक सामग्री को पूर्ण ऑनलाइन मांग और पूर्ति होना है, जिसमें जिला स्तर से ब्लॉक स्तर तक पीएचसी, मेडिकल कॉलेज उप स्वास्थ्य केंद्र तथा आशा सभी को यूजर आईडी एवं पासवर्ड दिया गया। मौके पर एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा ने कि सभी 554 उप स्वास्थ्य केंद्र,18 पीएससी की ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इंडेंट करना है तभी जिलास्तर से भौतिक रूप से सामग्री प्राप्त होगी।

**» परिवार नियोजन से सम्बन्धित सामग्रियों का डाटा पोर्टल पर समय से करें अपलोड : डीसीएम**

डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि जिले की सभी 3400 आशा अपने ब्लॉक स्तर पर परिवार नियोजन सामग्री का मासिक आधार पर इंडेंट करेगी तथा ब्लॉक से भौतिक रूप से प्राप्त करेगी।

मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा, डॉ आर एस मुन्ना, डीसीएम राजेश कुमार, ब्लॉक स्तर से सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बीसीएम परिवार नियोजन, भंडारपाल, पीएसआई इंडिया के राकेश कुमार सिंह एवं प्रताप सिंह कोशियारी, पिरामल स्वास्थ्य से राजेश झा उपस्थित थे।

# एलएनडी कॉलेज में लगाया गया कल्पवृक्ष का पौधा



चाणक्य भूमि

**एस गुप्ता : मोतिहारी**

शहर के एलएनडी कॉलेज में जिले का दूसरा अति दुर्लभ कल्पवृक्ष का पौधा कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) राजेश कुमार सिन्हा, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अरविंद कुमार,पर्यावरण प्रेमी केशव कृष्ण, द्वारा संयुक्त रूप से लगाया गया । इस अवसर पर प्राचार्य प्रो सिन्हा ने बताया कि इस पर्यावरण के सुरक्षा हेतु पौधा रोपण बहुत जरुरी है। उन्होंने बताया की जिले में यह पौधा मात्र दूसरी जगह लगाया गया है। इससे पहले कल्पवृक्ष सोमेश्वर नाथ मंदिर परिसर,अरेराज में लगाया गया है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अरविंद कुमार ने कहा कि इस अतिदुर्लभ पौधे के देख भाल के प्रति हमसब को सजग रहना होगा। केशव कृष्णा ने बताया कि इस पौधे को हजारों किलोमीटर दूर आंध्र प्रदेश के त्रिशूर से लाया गया है।

एनसीसी सीटीओ डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में कल्पवृक्ष को लगाये जाने से महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर डॉ सुबोध कुमार, डॉ दुर्बादल भट्टाचार्य, डॉ कुमार राकेश रंजन, डॉ दीपक कुमार, डॉ जौवाद हुसैन, डॉ रविरंजन सिंह, रणविजय सिंह, की उपस्थिति रही। वहीं रूपेश साह, अभिषेक ,रजनीश, निक्की, खुश, पलक, आराध्या, सान्या, आकाश आदि उपस्थित थें।






# चीनी मिल के द्वारा पी0 डब्लु डी0 रोड़ अतिक्रमण पर ग्रामीण नाराज

चाणक्यभूमि बगहा




सोमवार को अंचल बगहा दो परिसर में ग्रामीण लोगों ने चीनी मिल के द्वारा पी० डब्लु डी० रोड़ की जमीन को अतिक्रमण करने पर रोक लगाने की मांग। बगहा चीनी मिल के द्वारा पी० डब्लु डी० रोड़ की जमीन को अतिक्रमण करने को लेकर स्थानीय ग्रामीण लोग ने अनुमंडल पदाधिकारी, पीडब्ल्यूडी विभाग, बगहा के सहायक अभियंता सहित अंचलाधिकारी - 2 को एक आवेदन देकर रोक लगाने की मांग की हैं।ग्रामीण लोग में सलीम शेख, राजू प्रसाद, सुधी पांडेय, आलोक सिंह, लालबाबु, रविंद्र प्रसाद, अशोक कुमार गुप्ता, विजय कुमार, रामानंद प्रसाद, शिवनाथ कोइरी ने दिए आवदेन कहा की बगहा चीनी मिल के बगल के निवासी है तथा चीनी मिल द्वारा जान बुझकर पी० डब्लु० डी० रोड़ की जमीन को दिवाल बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे आगामी भविष्य में आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

**» बगहा चीनी मिल के द्वारा पी0 डब्लु डी0 रोड़ की जमीन को अतिक्रमण करने को लेकर स्थानीय ग्रामीण लोग ने एसडीएम, सीओ और पीडब्ल्यूडी के एई को एक आवेदन देकर रोक लगाने की मांग की**

इसलिए अपने स्तर से जाँच पड़ताल कर हम ग्रामीणों को रोड़ की जमीन को अतिक्रमण होने से रोका जाय। वही दो दिन बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण लोगों ने अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए आला अधिकारियों से जल्द से जल्द उचित पहल कराने की मांग किये।

# तुषार सिंह ने आरक्षण का मुद्दा उठाने वाले नेताओं पर तीखा प्रहार

चाणक्यभूमि बगहा

बगहा विधान सभा के भाजपा के जुझारू युवा नेता ने सोमवार को आरक्षण के मुद्दा उठाने वाले नेताओं के बहस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक झटके में हिंदुस्तान की गरीबी मिटाने वाला कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने भी जाति आधारित जनगणना में अपना दिलचस्पी दिखाते नजर आ रहे हैं। तेजस्वी यादव अखिलेश यादव वाम दल ममता बनर्जी आदि दर्जनों दलों के लोगों ने जाति आधारित जनगणना पर आरक्षण की मांग करने वाले लोगों के खुद के रिजर्वेशन का लाभ मिला हुआ है।

सही मायने में आरक्षण सभी जाति के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आरक्षण मिलना चाहिए ना कि किसी विशेष जाति आधारित समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। अब बिहार में इन जैसे पार्टी के लोगों के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है । जिस पर चर्चा किया जाय। एक समय ऐसा था कि ये सभी पार्टियां इमरजेंसी के समय के बाद सभी ने कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध अपना मोर्चा खोला था। लेकिन कुर्सी मिलने के



बाद तथा कुर्सी खिसकने के बाद उसी कांग्रेस पार्टी को अपना आदर्श मानते हुए उन्हीं के साथ कुर्सी के लालच में खटाखट फटाफट इंडी गठबंधन में शामिल हो कर देश के लोगों को ठगने का काम शुरू कर दिया है।

लेकिन चुनावी नतीजों के बाद खटाखट फटाफट पार्टी के नेताओं ने अज्ञातवास ले लिया। और ये लोग जाति की जनगणना रिपोर्ट की बात करते हैं। आरक्षण से उन्हीं लोगों के परिवारों को लाभ मिला है। बतौर देखा जाय तो लालू प्रसाद यादव, अखलेश प्रसाद यादव, ममता बनर्जी राहुल गांधी सहित

**» भाजपा की अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने पिछड़ों दलितों को आरक्षण दिया**

**» मंडल कमीशन को कांग्रेस की सरकार ने 10 वर्षों तक ठंडे बस्ते रखा**

तमाम पार्टी के परिवार के लोग इसी आरक्षण के तहत परिवार वाद में ही विधायक, सांसद तथा मंत्री मुख्यमंत्री तक बन गए। जनता सब जानती है। इस बार 2025 के बिहार विधान सभा में एनडीए गठबंधन की सरकार फिर से बनेगी और ये तीतर बटेर वाले लोग अपनी कुनबे को बचाने में सारा समय खपाते नजर आयेंगे। देखा जाय तो राजद कांग्रेस पार्टी के लोग अति पिछड़ा समुदाय का आलाप करते हुए धोखा देने का काम किया है। कांग्रेस ने अति पिछड़ों के लिए गठित काका कालेलकर और मुंगेरी लाल कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया और उसे लागू तक नहीं किया। कांग्रेस ने 1953 में गठित काका कालेलकर की कमिटी को 1955 में आई रिपोर्ट को45 वर्षों तक ठंडे बस्ते में रख दिया गया था। ना हीं पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया। न पिछड़ों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया। वहीं श्वेतमणि उर्फ तुषार सिंह ने कहा कि जनता पार्टी के सरकार ने 1978 में मंडल कमीशन का गठन किया।

जिसमें भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी तथा अटल बिहारी वाजपेई भी शामिल थे। वहीं 1980 में पिछड़ों को नौकरियों में बतौर 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए मंडल कमीशन की रिपोर्ट को कांग्रेस की सरकार ने 10 वर्षों तक लटका कर रख दिया। अब जबकि भाजपा के नरेंद्र मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहा है। जब उनकी सरकार केंद्र में थी तो किसी ने आरक्षण के मुद्दे को उठा नहीं पाया था। देश में भाजपा एक ऐसी पार्टी थी । जिसने पिछड़ों दलितों के हक के लिए लगातार लड़ाई जारी रखा। वहीं भाजपा की अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने थारू समुदाय को आरक्षण का लाभ तथा उनका हक भी दिया है । जो आज थारू समुदाय के लोग इसे भली भांति परिचित भी हैं।












# अंबेडकर चौक का विस्तार से बढ़ेगी आम जनता और विद्यार्थियों की सुविधा

चाणक्य भूमि बेतिया

महापौर गरिमा देवी सिकारिया कहा कि नगर निगम क्षेत्र के केआर प्लस और संत जेवियर हायर सेकंडरी स्कूल में आने में हजारों छात्र छात्राओं को रोज की परेशानी का निदान कर दिया गया है। इसके लिए वर्षो से संकीर्ण बन अंबेडकर चौक का विस्तार और सौंदर्यीकरण से संबंधित नगर निगम बोर्ड से स्वीकृत कुल 13.59 लाख लागत वाली एक योजना शुरू कर दी गई है। उक्त जारी योजना का निरीक्षण करने के बाद महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि

इस योजना के पूरी होने के साथ ही बसवारिया के अम्बेडकर चौक पर ही संचालित में अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री शिफ्ट की जा रही है। इसके अलावे केआर प्लस टू स्कूल की भी चहारदिवारी को भी कुछ पीछे शिफ्ट कर के चौक के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण करते हुए पीसीसी रोड बनाने की योजना स्वीकृत की गई है।



**» महापौर ने निगम के केआर और संत जेवियर जैसे बड़े प्लस टू स्कूलों के हजारों विद्यार्थियों का सुगम आवागमन हेतु इस योजना को किया शुरू**

इसके साथ ही अंबेडकर जी की मूर्ति के चबूतरा और सीढ़ी पर टाइल्स लगाया जायेगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि जल निकासी और सौंदर्यीकरण के साथ अंबेडकर चौक के विस्तार की योजना पूरी होने से दोनों मुख्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ बसवारिया अंबेडकर चौक के अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी आना जाना सुगम हो जायेगा। मौके पर कनीय अभियंता सुजय सुमन, वार्ड पार्षद दीपक कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत कई घायल

चाणक्य भूमि बेतिया

मझौलीया में बोलेरो और टेंपों की आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि, चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए परिजनों ने आनन-फानन में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर मामले कर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714